# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–207 । सागर, शुक्रवार, 15 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



ट्रेन में भीड़, टिकिट वापिस न होने पर यात्रियों ने किया हंगमा — पृष्ठ 3

- आखिर ये किनके नेता हैं?
- जी-20 शिखर सम्मेलन में परमाणु हथियार उन्मूलन पर बातचीत न होना निराशाजनक — पृष्ठ 4

- कागजों में सड़क बनाकर हड़पे 1 लाख 55 हजार रुपए — पृष्ठ 6

मंत्री भूपेंद्र सिंह ने ओपन जिम व डिजीटल बोर्ड का लोकार्पण कई और सौगातें दीं — पृष्ठ 8


## सार-समाचार

### भारतीय वायुसेना का एयर शो आज से जयपुर में

**बीकानेर, एजेंसी।** भारतीय वायुसेना द्वारा 15 से 17 सितम्बर तक जयपुर में एक भव्य और शानदार एयर शो का आयोजन किया जाएगा। एयर शो में विश्वप्रसिद्ध इंडियन एयर फोर्स सूर्य किरण एरोबेटिक टीम (एसकेएटी) दोपहर साढ़े तीन बजे शहर के जलमहल के ऊपर फॉर्मेशन एयरोबेटिक्स का प्रदर्शन करेगी। शाम साढ़े चार बजे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एशिया की एकमात्र टीम हॉक एमके–132 विमान के नौ विमान फॉर्मेशन को उड़ाते हुए सटीक उड़ान और प्रदर्शन का शानदार और दुर्जेय प्रदर्शन करेगी।

### मानहानि मामले में केजरीवाल की याचिका खारिज

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद सेशन कोर्ट ने गुरुवार को मानहानि के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को ट्रायल कोर्ट द्वारा जारी किए गए समन को रद्द करने से इनकार कर दिया। अदालत के फैसले को विस्तार से बताने वाला एक व्यापक आदेश सार्वजनिक किए जाने की उम्मीद है। यह फैसला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जे.एम. ब्रह्मभट्ट की अदालत ने सुनाया, जिन्होंने केजरीवाल और संजय सिंह की रिवीजन पिटिशन को खारिज कर दिया।

### भूटिया की पार्टी का एसडीएफ में विलय होगा

**गंगटोक, एजेंसी।** फुटबॉलर से राजनेता बने बाईचुंग भूटिया ने कहा है कि उनकी 'हामरो सिक्किम पार्टी' (एचएसपी) का पूर्व मुख्यमंत्री पवन चामलिंग के सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) में जल्द विलय होगा। श्री भूटिया ने उन अटकलों का खंडन किया है जिसमें कहा गया था कि वह 19 सितंबर एसडीएफ में शामिल होंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने बीना में 51 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया, बोले-

# विकास की नई ऊंचाईयां छू रहा मध्यप्रदेश



### जी-20 आयोजन की सफलता में मप्र का अहम योगदान

**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आगामी 5 वर्षों में मध्यप्रदेश विकास की बुलंदियां छुएगा। यहां 51 करोड़ की लागत की औद्योगिक परियोजनों के शिलान्यास से बुंदेलखण्ड और मध्यप्रदेश की तकदीर बदल जाएगी। केन्द्र सरकार मध्यप्रदेश में नई परियोजनाओं पर 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करेगी। ये परियोजनाएं गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के सपनों को सच करेंगी। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया की टॉप 3 अर्थ–व्यवस्था में लाना हमारा लक्ष्य है जिसकी ओर हम तेजी से बढ़ रहे हैं। इस लक्ष्य को पूरा करने में मध्यप्रदेश की बड़ी भूमिका होगी। प्रधानमंत्री आज बीना रिफाइनरी परिसर में नवीन औद्योगिक परियोजनाओं के शिलान्यास अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे।

श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश जो कभी देश के खस्ताहाल राज्यों में शामिल था, आज विकास की नई ऊँचाई छू रहा है। केन–बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखण्ड क्षेत्र को अत्यधिक लाभ होगा। आने वाली पीढ़ियां भी इससे लाभान्वित होंगी। देश में आने वाले 4 वर्षों में 10 करोड़ नए परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश में भी 65 लाख परिवारों को नल से जल दिलवाया जा रहा है। अटल भू–जल योजना पर भी कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आगामी 5 अक्टूबर को देश में रानी दुर्गावती की 5 सौ वीं जयंती धूम–धाम से मनाई जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी–20 की सफलता से आज पूरे विश्व में भारत का मस्तक ऊंचा हुआ है। ■ **शेष पृष्ठ 2 पर**

### इन परियोजनाओं का किया शिलान्यास

*प्रधानमंत्री ने 51 हजार करोड़ रुपये की औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें बीना रिफाइनरी परिसर में 49 हजार करोड़ रूपये की लागत से पेट्रो–केमिकल कॉम्पलेक्स और मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 18 सौ करोड़ रूपये की लागत की 10 नई औद्योगिक परियोजनाएं शामिल हैं। नर्मदापुरम् में नवकरणीय ऊर्जा जोन, इंदौर में 2 आईटी पार्क, रतलाम में मेगा इंडस्ट्रियल पार्क और 6 शहरों शाजापुर, गुना, मंदसौर, आगर–मालवा, नर्मदापुरम् और मक्सी में नए औद्योगिक केन्द्र विकसित किए जाएंगे।*

### औद्योगिक विकास के लिए टीम शिवराज को दी बधाई

*श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार ने पूरी ईमानदारी से मध्यप्रदेश का भाग्य बदलने का कार्य किया है। पहले सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं थीं। आज हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। मध्यप्रदेश तेज गति से औद्योगिक विकास कर रहा है। इसके लिए यहां की जनता, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है।*

### निवेश से बदल जाएगी बुंदेलखण्ड की तकदीर : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछली सरकार ने बुंदेलखंड को पिछड़ा रखा था। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर यहां हो रहे 50 हजार करोड़ के निवेश से बुंदेलखंड की तस्वीर और यहां के निवासियों की तकदीर बदल जाएगी। बीना रिफाइनरी, एथिलीन क्रेकर परियोजना और प्रदेश के 10 प्रमुख औद्योगिक पार्कों से युवाओं के लिए लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे, इन सौगातों के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार। उन्होंने कहा कि केन–बेतवा परियोजना मंजूर हो गई है। इससे 20 लाख एकड़ में सिंचाई होगी और बुंदेलखंड के लोगों का जीवन बदल जाएगा। श्री चौहान ने श्री मोदी को केन–बेतवा परियोजना के भूमि पूजन का आमंत्रण दिया।

### प्रधानमंत्री के प्रयासों से घटे डीजल पेट्रोल के दाम : पुरी

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों का ही परिणाम है कि विश्व के दूसरे देशों में पेट्रोल– डीजल के दाम बढ़े लेकिन भारत में पेट्रोल–डीजल के भाव कम हुए। देश में सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी में भी कमी आई है। जिन राज्यों में डबल इंजन की सरकारें है, वहां वैट टैक्स भी कम हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने 2014 के बाद मध्यप्रदेश में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि 2014 में प्रदेश में जहां 2854 पेट्रोल पंप थे, वहीं 2023 में बढ़कर 5938 हो गए।



### खुली जीप में किया जनदर्शन

बीना रिफाइनरी परिसर में पेट्रो केमिकल काम्पलेक्स के भव्य शिलान्यास कार्यक्रम और जनसभा स्थल पहुंचने पर प्रधानमंत्री श्री मोदी जनता के बीच खुली जीप में पहुंचे। लगभग बीस मिनट के जनदर्शन में उनके साथ मुख्यमंत्री श्री चौहान और सांसद वीडी शर्मा भी थे। श्री मोदी को अपने बीच पाकर मौजूद जनता ने उत्साह, उमंग और हर्ष से स्वागत किया। श्री मोदी ने भी जनता का अभिवादन स्वीकार किया। जनसभा में विशाल संख्या में उपस्थित जनता के बीच प्रधानमंत्री के वाहन के लिए मार्ग बनाया गया था। जिस स्थान से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का वाहन निकला, उस स्थान पर मौजूद लोग इस दृश्य को अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर रहे थे। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय जल शक्ति नियोजन राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल, जिले के प्रभारी और प्रदेश के सहकारिता और लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह, राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद व्ही.डी. शर्मा और राजबहादुर सिंह सहित विधायक और जन–प्रतिनिधि मौजूद थे।




# ट्रेन में भीड़, टिकिट वापिस न होने पर यात्रियों ने किया हंगामा

**हरपालपुर, देशबन्धु।** झाँसी-मानिकपुर रेल्वे ट्रैक पर चलने वाली यूपी संपर्क क्रांति ट्रेन में बुधवार को अत्यधिक भीड़ उमड़ी। दरअसल इस रूट पर दिल्ली जाने वाली महाकौशल 12189 एक्सप्रेस ट्रेन 28 सिंतबर तक रद्द कर दी गई है। इस ट्रेन के रद्द होने से यूपी संपर्क क्रांति में भीड़ के कारण बड़ी संख्या में यात्री ट्रेनों में नहीं चढ़ पाए। इन यात्रियों ने स्टेशन पर टिकिट वापस न होने पर हंगामा किया। यात्रियों के हंगामा को देखते हुए स्टेशन मास्टर डीसी रूसिया के द्वारा स्थानीय थाना पुलिस को सूचित कर झाँसी रेल मंडल में वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना दी।

लेकिन काफी समय तक पुलिस नहीं आने के बाद रेलवे अधिकारियों ने बमुश्किल समझाकर इन यात्रियों को शांत किया। वहीं जीआरपी पुलिस चौकी होने के बाद जीआरपीकर्मी नहीं होने के चलते हरपालपुर स्टेशन पर यात्रियों सहित स्टेशन अधिकारियों को सुरक्षा के लिये स्थानीय पुलिस से मदद की गुहार लगानी पड़ती है। अमावस्या के चलते स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ जुट रही है।

बुधवार देर शाम दिल्ली की ओर जाने वाली मानिकपुर- निज़ामुद्दीन यूपी संपर्क क्रांति ट्रेन में भीड़ के कारण न चढ़ पाने वाले यात्रियों ने टिकिट वापसी की मांग की। टिकिट खिडक़ी पर पहुंचे यात्रियों ने टिकिट वापस करने का दवाब बनाया। रेल कर्मचारियों द्वारा यात्रियों को बताया गया कि दो घंटे बाद पैंसेंजर ट्रैन आने वाली है जो झाँसी तक जाएगी फिर भी टिकिट वापस न होने की बात कही। यह सुनकर करीब एक सैकड़ा से अधिक यात्री भडक़ गए। उन्होंने टिकिट खिडक़ी पर हंगामा



किया। रलेवे कर्मचारियों द्वारा किसी तरह से मामले को शांत कराने की कोशिश की गई। यात्रियों की जिद थी की जब उन्हें ट्रेन में पैर रखने की भी जगह नहीं मिली तो उनका टिकिट वापस होना चाहिए।

### जनरल बोगी घटाई इसलिए हंगामा

दरअसल यूपी संपर्क क्रांति ट्रेन में जनरल बोगी कम कर एसी बोगी की संख्या बीते माह से बढ़ाई गई हैं। जिसके चलते पहले यूपी संपर्क क्रांति में 6 जनरल बोगी की जगह सिर्फ दो जनरल बोगी रह गई हैं जिसके चलते आम यात्रियों को ट्रैन पर चढने में रोजाना धक्का मुक्की करनी पड़ती है। दिल्ली जाने के लिये इस रूट पर महाकौशल एक्सप्रेस के 17 दिनों तक कैंसिल होने के कारण यूपी संपर्क क्रांति एक ट्रेन वर्तमान में संचालित है। संपर्क क्रांति ट्रेन में जनरल एवं स्लीपर कोच घटने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं।

### इनका कहना है

ट्रेन में यात्रियों की भारी भीड़ के चलते कुछ यात्री ट्रेन में नहीं चढ़ पाने पर टिकिट के पैसे वापस करने के लिए हंगामा कर रहे थे जिनको समझा कर शांत कराया गया है। कई यात्रियों के टिकट निरस्त कर रुपये लौटाए गये हैं।

**एसके मिश्रा,** स्टेशन मास्टर हरपालपुर

## सार समाचार

### शराब बरामद, 2 आरोपी पकड़ाये



**ईशानगर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक अमित सांघी के द्वारा चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत इन दिनों थानों की पुलिस के द्वारा रोजाना अवैध शराब की धरपकड़ की जा रही है। अब ईशानगर पुलिस के द्वारा भी अवैध शराब की धरपकड़ में सफलता पायी है। पुलिस ने एक ढाबे के पीछे छिपाकर रखी गई 7 पेटी शराब को जब्त कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। यह पूरी कार्यवाही मुखबिर की सूचना पर की गई।

ईशानगर थाना प्रभारी गुरूदत्त शेषा और उनकी टीम के द्वारा इस कार्यवाही के दौरान हाशिम खान पिता बब्बू खान, नवीन कोरी पिता ग्यासीलाल कोरी को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 17875 रूपए की 58 लीटर शराब जब्त की गई है। आरोपियों पर 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### मठली पकड़ने गया युवक नदी में बहा



**बड़ामलहरा, देशबन्धु।** बड़ामलहरा क्षेत्र के ग्राम खरदूती में धसान नदी के ऊपर बनाए गए स्टाप डेम में मछली पकडऩे गए एक 32 वर्षीय युवक के बह जाने की खबर सामने आयी है। यह युवक इस स्टाप डेम में मछली पकडऩे गया था।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक खरदूती निवासी लक्ष्मण अहिरवार तनय कल्लू अहिरवार गांव के पास से निकली धसान नदी के स्टाप डेम पर बुधवार को मछली पकडऩे गया था लेकिन देर रात तक वह वापस नहीं लौटा, गुरूवार को परिजनों की सूचना पर बचाव दल ने यहां पहुंचकर तलाशी अभियान शुरू किया। हालांकि देर शाम तक इस तलाशी अभियान में युवक की कोई जानकारी नहीं मिल सकी थी।

### जाति प्रमाण पत्र बनवाने अधिकारियों से की मांग



**खजुराहो, देशबन्धु।** छतरपुर जिले के राजनगर क्षेत्र में घुमक्कड़ और विमुक्त समाज के लोगों को किसी भी प्रकार का जाति प्रमाण पत्र बनवाने में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या के निदान के लिए विमुक्त घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु जनजाति संगठन के जिलाध्यक्ष इन्द्रपाल, युवा जिलाध्यक्ष प्रेम चन्द्र पाल, संजीव कुमार पाल आदि ने राजनगर एसडीएम जीएस पटेल एवं राजनगर तहसील जन्मेजय मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा।

## मरीज के साथ एक ही अटेंडर को प्रवेश देने के निर्देश

# जिला अस्पताल की व्यवस्था सुधरने की कवायद



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर संदीप जी.आर. ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला अस्पताल छतरपुर में सुरक्षा व्यवस्था और भीड़ नियंत्रण के सम्बंध में सुरक्षाकर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में सहायक कलेक्टर कार्तिकेय जायसवाल, होमगार्ड कमांडेंट, सिविल सर्जन डॉ. जी.एल. अहिरवार, सहायक प्रबंधक डॉक्टर अरुण दुबे, सिटी कोतवाली अरविंद सिह कुजूर, होमगार्ड के जवान और अस्पताल के सुरक्षाकर्मी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री जी.आर ने निर्देशित करते हुए कहा कि सुरक्षाकर्मी मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करें। साथ समझाइस देते हुये एक मरीज के साथ एक ही अटेंडर को अस्पताल में प्रवेश की अनुमति दें। साथ ही मरीजों से मिलने वालों का समय शाम 4 से 6 बजे तक निर्धारित किया जाए।कलेक्टर ने कहा उन्होंने बताया कि भीड़ को नियंत्रित करने जिला अस्पताल में आने वाले लोगों या असामाजिक तत्वों पर पुलिस को कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए।

सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि सुरक्षा कर्मियों का एक निश्चित प्वाइंट निर्धारित करें। साथ ही अन्य फ्लोरो से गार्ड की ड्यूटी हटाकर मेन गेट पर लगायें। उन्होंने कहा अस्पताल का अनाउंसमेंट सिस्टम अपडेट कराएं।

लेबर रूम के मरीज को विशेष गेट पास देने की व्यवस्था करें और एक मरीज के साथ एक ही परिजन को ले जाने के निर्देश दिये। जो अटेण्डर जाए उसका पास वार्ड में चेक करें। मरीजों के परिजनों के साथ सहानुभूति एवं शालीनता का व्यवहार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट रूप से कहा सभी सुरक्षाकर्मियों साफ-सुथरी एवं वेल, यूनिफॉर्म पहनकर ही आये।

उन्होंने कहा ऑफिसियल काम उपचार वाले स्थान से बाहर करें। साथ ही सी.सी.टी.वी कैमरे ओपीडी में उचित स्थान पर लगाने एवं अलग से रजिस्ट्रेशन काउन्टर बनाने के लिए निर्देशित किया। अस्पताल बिल्डिंग के पास वाहन पार्क नही कराने के निर्देश भी दिए गए।

## पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कैद

**छतरपुर, देशबन्धु।** हसिया से पत्नी का गला काटकर हत्या करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश के अतिरिक्त न्यायाधीश, लवकुशनगर जिला छतरपुर श्री नीरज कुमार शर्मा के न्यायालय ने आरोपी पति नरेन्द्र श्रीवास को आजीवन कारावास व अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

मीडिया सेल प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने जानकारी देते हुये बताया कि आरोपी नरेन्द्र ने स्वयं 16 मई 2021 को 22:23 बजे थाना प्रकाश बम्हौरी में रिपोर्ट लेख करायी कि वह ग्राम ज्यौराहा थाना जुझारनगर का रहने वाला है और मजदूरी का काम करता है। मई 2021 को शाम 7 बजे वह अपने घर से पत्नी श्रीमती मनीता और लड़के निशान्त को अपनी मोटर साईकिल में बिठाकर पत्नी की बड़ी बहन संगीता निवासी ग्राम बसहरी के यहां लेकर जा रहा था। ग्राम बदौरा से कच्ची रास्ता कृतिज्ञा केशर के आगे जैसे ही पहुँचा तो रात्रि करीब 9 बजे तीन अज्ञात व्यक्ति रास्ते में मोटर साईकिल रोककर बोले कि जो कुछ भी लिए हो जल्दी से निकालकर दे दो। सूचनाकर्ता/अभियुक्त ने अपनी पत्नी से जो भी सामान लिए हो, देने को बोला तब तीनों लोग सूचनाकर्ता/अभियुक्त एवं उसकी पत्नी को लोहे की नुकीली राड व धार से सिर में मारने लगे और उसकी पत्नी का गला काट दिया। पत्नी जमीन में गिर गयी और सूचनाकर्ता/अभियुक्त भी बेहोश होकर जमीन में गिर गया। करीब 30 मिनिट बाद होश आया तो उसने देखा कि उसकी पत्नी खत्म हो चुकी है और उसका लड़का निशान्त घायल अवस्था में बगल से पड़ा रो रहा है। पत्नी के बड़े बैग में रखा सामान बिघरा पड़ा था और पत्नी का पर्स भी खुला पड़ा था। तीनों अज्ञात बदमाश मनीता को जान से खत्म करके और सूचनाकर्ता/अभियुक्त तथा उसके लड़के निशान्त को प्राणाघातक चोटें पहुँचाकर नगदी एवं जेबरात लूटकर ले गए हैं, उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाना प्रकाश बम्होरी में अपराध पंजीबद्ध कर मामला अनुसंधान में लिया गया। दौरान विवेचना यह ज्ञात हुआ कि आरोपी के उसकी पत्नी से संबंध अच्छे न होने के कारण आरोपी नरेद्र श्रीवास ने ही अपनी पत्नी की हसिया से गला काटकर हत्या कर दी थी दौरान विवेचना घटना में प्रयुक्त हथियार व नगदी और जेवरात आरोपी की निशानदेही पर उसके अधिपत्य से जप्त किये गये। विवेचना उपरांत अभियुक्त नरेन्द्र श्रीवास के विरूद्ध अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रकरण को चिन्हित जघन्य सनसनीखेज अपराध की श्रेणी मे रखा गया।

अभियोजन की ओर से एडीपीओ/विशेष लोक अभियोजक श्रीराम यादव एवं किशोरीलाल प्रजापति ने पैरवी करते हुये मामले के सभी सबूत एवं गबाह कोर्ट में पेश किये, विचारण उपरांत अपर सत्र न्यायाधीश के अतिरिक्त न्यायाधीश लवकुशनगर नीरज कुमार शर्मा के न्यायालय ने आरोपी नरेन्द्र श्रीवास को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास व 2000 रूपये के अर्थदण्ड तथा भादवि की धारा 201 में 3 वर्ष के कठोर कारावास व 1000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन



**छतरपुर, देशबन्धु।** विगत दिवस म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधिकारी छतरपुर एम.के.कोटार्य को तीन सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। जिसमे म.प्र.शासन वित्त विभाग के ज्ञापन क्रमांक/एफ8-1/2023/नियम/चार भोपाल दिनांक 14 अगस्त .2023 के द्वारा राज्य शासन के समस्त संवर्गों को चतुर्थ समयमान वेतनमान 35 बर्ष की सेवा पूर्ण करने के उपरांत दिये जाने के प्रावधान के तहत स्कूल शिक्षा विभाग अन्तर्गत छतरपुर जिले के समस्त 35 बर्ष की सेवा पूर्ण करने वाले कर्मचारियों/अधिकारियों को तत्काल समयमान वेतनमान का लाभ प्रदान किया जावे। जिले के स्कूल शिक्षा विभाग के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को लम्बे समय से 10/20/30 बर्षीय समयमान वेतनमान प्रदान नहीं किया गया है इसकी प्रतीक्षा में बहुत से कर्मचारी सेवानिवृत्त हो गये हैं तत्काल सूची जारी करायी जावे। अध्यापक संवर्ग में नियुक्ति के दौरान बहुत से सहायक अध्यापक/अध्यापक/वरिष्ठ अध्यापकों को 12 बर्षीय क्रमोन्नति वेतनमान लगभग आठ दस बर्ष से लंबित है आदि मांग शामिल थी।

इस मौके पर पर म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमसिंह, संभागीय उपाध्यक्ष डी.के.जैन, जिलाध्यक्ष जी.डी. सोनकिया, जिला सचिव जितेन्द्र कुमार गौर, कोषाध्यक्ष स्वतंत्र त्रिपाठी, कार्याकार जिला अध्यक्ष आशीष शुक्ला, राघवेन्द्र सिंह, एच.सी. सोनी, राजेन्द्र पाठक, मनोज कुमार उपाध्याय एवं संघ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

## दिनदहाड़े हुई 40 हजार रुपए की लूट

**बिजावर, देशबन्धु।** नगर में दिनदहाड़े दो मोटरसाइकिल सवार युवकों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है। घटना करीब 1 बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर 6 में पुराने डाकखाने के समीप रहने वाले सीनियर सिटीजन सीताराम व्यास मध्यांचल ग्रामीण बैंक से 40 हजार रुपए निकाल कर पैदल ही घर की ओर रवाना हुए और घर के ठीक सामने भी पहुंच गए। इसी दौरान अचानक पीछे से आई एक मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने उनसे बैग छीना और भाग गए। सीताराम व्यास ने चिल्लोते हुए उनके पीछे दौड़ भी लगाई। लेकिन इस दौरान लुटेरे मोटरसाइकिल से बस स्टैंड होते हुए भाग निकले। मामले की जानकारी लगने पर व्यापारी संघ अध्यक्ष पंकज दुबे ने फरियादी के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को मामले की जानकारी दी। साथ ही इस मामले में लुटेरों का पता लगाकर तत्काल गिरफ्तारी की मांग भी की। आशंका है कि लुटेरे बैंक से ही व्यास जी का पीछा कर रहे थे। वहीं पुलिस ने मध्यांचल बैंक जाकर पूछताछ की है।

## हिंदी दिवस उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ



**छतरपुर, देशबन्धु।** केंद्रीय विद्यालय छतरपुर में हिंदी दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्राचार्य मनीष रूसिया द्वारा की गई। सर्वप्रथम माननीय प्राचार्य महोदय श्री मनीष रूसिया, पूर्व प्रभारी प्राचार्य मोहम्मद सलीम सिद्दीकी, वरिष्ठ शिक्षक श्री एस एलनामदेव द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलन किया गया। इस अवसर परप्राथमिक विभाग के हेड मास्टर एके श्रीवास्तव एवं हिंदी विभाग के शिक्षक श्रीमती सीमा शर्मा, श्रीमतीमकुल नंदा श्री संतोष कुमार गुप्ता श्रीमती मधु शर्मा एवं अन्य शिक्षक उपस्थित थे। एनसीसी की छात्राओं द्वारा कार्यक्रम अध्यक्ष महोदय का पुष्पगुच्छ द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात कक्षा दसवींकी छात्राओं निष्ठा गुप्ता, अनन्या खरे एवं आकांक्षा प्रभाकर द्वारा सरस्वती वंदना, मां सरस्वती मां शारदेगीत पर मनमोहक शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्राथमिक कक्षा के छात्र ऋषभ आर्य द्वारा वंदेमातरम की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। कक्षा 12वीं के छात्र फैजान नबी ने भगत सिंह के पिता की मार्मिक भूमिका से उपस्थित जनसमुदाय को भाव विभोर कर दिया। कक्षा पांचवी एवं छठवीं के विद्यार्थियों द्वाराहिंदी हमको प्यारी है समूह गान की सुंदर प्रस्तुति दी गई। कक्षा नौवीं की छात्रा आरिफा नूर सिद्दीकी द्वारा हिंदी के महत्व पर सुमधुर कविता वाचन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं विद्यालय प्राचार्य मनीष रूसिया सर ने सभी को हिंदी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हम सब की मातृभाषा हिंदी है इसके पश्चात भी अगर आज हम हिंदी दिवस मना रहे हैं तो इस पर हमें चिंतन करना होगा। उन्होंने कहा कि हिंदी में बात करते समय हमें गर्व की अनुभूति होनी चाहिए। उन्होंने गुड मॉर्निंग के स्थान पर एक दूसरे के लिए जय हिंद के संबोधन का प्रयोग करने का सुझाव दिया उन्होंने सभी विद्यार्थियों को हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित होने वाली समस्त गतिविधियों में बढ़-चढ़कर हिस्सालेने की बात कही। कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती सीमा शर्मा पीजीटी हिंदी के द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम अत्यंत सफल रहा केंद्रीय विद्यालय छतरपुर में 28 तारीख तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जाएगाजिसके अंतर्गत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## तहसील बाहर गुमटियों को हटाने वकील आंदोलन की राह पर



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर तहसील परिसर में अवैध रूप से रखे गए गुमटी और डिब्बों के माध्यम से चल रहे दलाली और रिश्वतखोरी के कारोबार के विरूद्ध अब वकीलों ने मोर्चा खोल दिया है। गुरूवार को बार संघ अध्यक्ष गुड्डू दीक्षित के नेतृत्व में कई वकीलों ने ज्ञापन सौंपते हुए नाराजगी व्यक्त की।

श्री दीक्षित ने कहा कि इन अवैध डिब्बों के माध्यम से कुछ बाहरी तत्व और तहसील के कुछ कर्मचारी मिलीभगत करते हुए शासकीय कार्यों में दलाली लेने और रिश्वतखोरी को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एसडीएम और कलेक्टर से इस मामले की शिकायत की जा चुकी है फिर भी इस अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही नहीं की जा रही है। यदि जल्द ही इस अतिक्रमण को नहीं हटाया गया तो सारे वकील बड़ा आंदोलन छेड़ेंगे।

## एकता के सूत्र में बांधने का कार्य कर रही भाजपा: अभय यादव

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा लिधौरा नगर में स्थित हरिजन बस्ती व चंदेरा मंडल के पैतपुरा ग्राम पंचायत में सदस्यता अभियान चलाया गया। इस अभियान में बड़ी संख्या में युवाओं की भागीदारी रही। अभियान के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष इंजी. अभय प्रताप सिंह यादव सम्मिलित हुए। इंजी. अभय प्रताप सिंह यादव ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरी विधानसभा में ऐसा कोई भी वर्ग नहीं बचा है जिसे भाजपा पार्टी की जन हितकारी योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पा रहा हो। जन-जन तक भाजपा सरकार की योजनाएं युवाओं को कुशल मंच प्रदान कर अंतिम छोर तक के व्यक्ति को लाभ पहुंचा रही है। भारतीय जनता पार्टी देश की अखंडता को ध्यान में रखते हुए एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करती है। इंजी. अभय यादव ने युवाओं से 7000230230 पर मिसकॉल करवाकर व भाजपा पार्टी की पट्टी पहनाकर भाजपा पार्टी की सदस्यता करवाई, जिसमें युवाओं का काफी उत्साह दिखाई दिया। सदस्यता अभियान में मंडल महामंत्री आदर्श सक्सेना, भाजयुमो मंत्री मुनेंद्र सेंगर, जिला मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी, चंदेरा मंडल अध्यक्ष आकाश यादव सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## प्रत्येक भारतवासी को अपने मातृभाषा नहीं भूलना चाहिए : राय

***नौगांव, देशबन्धु।*** *आज स्थानीय शासकीय बापू महाविद्यालय में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य मे कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में महाविद्यालय की पांच छात्रों का हिंदी दिवस के अवसर पर समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी द्वारा सभाकक्ष में बेटियों का सम्मान किया गया एवं हिंदी के प्रोफेसर प्रभारी प्राचार्य भारतेंदु पटेरिया प्रोफेसर संतोष कुमार राजा प्रोफेसर कैलाश रजक का सम्मानित किया।*

*राष्ट्रीय हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम जिसमें मुख्य अतिथि अमर सिंह राय तथा विशिष्ट अतिथि संतोष कर्मयोगी समाजसेवी तथा कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य भारतेंदु पटेरिया हिंदी दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला तथा भारतीय संस्कृति के लिए हिंदी बहुत महत्वपूर्ण है वही ऐसी भाषा है जो हमारी संस्कृति को जोड़कर रखे हुए हैं। संतोष कर्मयोगी जी ने बताया कि किस तरह से हम हिंदी को आगे बढ़ा सकते हैं तथा प्रोफेसर कैलाश रजक ने भी हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला डॉ प्रीति विश्वकर्मा मैडम ने भी हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला कार्यक्रम का सफल संचालन हिंदी के प्रोफेसर संतोष कुमार रजक ने किया।*

*शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिक्षण संस्था में हिंदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षक श्री अमर सिंह ने कहा कि अंग्रेजी के शब्दों को विलुप्त होने का अवसर मिलता है जबकि हिंदी में एक बिंदी का बहुत बड़ा महत्व होता है हिंदी मातृभाषा की पहचान है और प्रत्येक भारतवासी को अपनी मातृभाषा को नहीं भूलना चाहिए अपने दिनचर्या में सुप्रभात नमस्कार प्रणाम शुभकामनाएं शुभ संध्या शुभ रात्रि जैसे शब्दों की शुरुआत दिनचर्या में लेना चाहिए जिससे कि हमारी पहचान बन सके अपने हस्ताक्षर और पत्र व्यवहार ज्यादा से ज्यादा हिंदी में होना चाहिए।*

*नौगांव शासकीय कन्या उच्चतर विद्यालय शिक्षण संस्था में संस्था प्राचार्य डॉ रचना मिश्रा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय हिंदी दिवस विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। साहित्य जगत के लेखक के रूप में हिंदी साहित्य संस्कृत के ज्ञाता शिक्षक अमर सिंह राय एवं मुख्य वक्ता समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी हिंदी की व्याख्याताकार शिक्षा विभाग कुमारी श्वेता सिंह का विद्यालय में प्रधानाध्यापक श्री वीरेंद्र कुमार दीक्षित द्वारा सम्मानित किया गया इस अवसर पर विद्यालय की अनेक छात्राओं को हिंदी साहित्य संस्कृति श्री रामचरितमानस ग्रंथ अध्ययन करने एवं विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं का सम्मानित किया गया एवं बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां प्रस्तुत की।*

सागर, शुक्रवार 15 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# लोकतंत्र में घटती आस्था चिंताजनक

लोकतंत्र को अब तक की सबसे अच्छी शासन प्रणाली माना गया है। ज्यादातर देश इसे पाने या बनाये रखने की रात-दिन कोशिशें कर रहे हैं लेकिन विश्वप्रसिद्ध ओपन सोसायटी फाऊंडेशन (ओएसएफ) की हालिया वह सर्वे रिपोर्ट चिंताजनक है जिसमें दुनिया के 42 प्रतिशत युवा अपने देशों में लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं बल्कि सैन्य शासन चाहते हैं। यह बदलती पसंद सारी दुनिया के लिये एक खतरनाक वैचारिक ट्रेंड हो सकता है। इस लिहाज से सर्वे रिपोर्ट यह संदेश भी देती है कि जिन लोगों पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को चलाने की जिम्मेदारी हैं, उन्हें ईमानदारी और समर्पण भाव से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने की आवश्यकता है- फिर वे चाहें सरकारें हों, संवैधानिक संस्थाएं हों, विपक्षी दल अथवा नागरिक हों। लोकतंत्र अगर लोगों की पहली वरीयता नहीं रह जाता तो निसंकोच यह माना जा सकता है कि दुनिया एक खतरनाक मोड़ पर जा खड़ी हुई है।

यह फाऊंडेशन प्रसिद्ध अमेरिकी सांसद जॉर्ज सोरोस द्वारा स्थापित किया गया है जिसके लिये उन्होंने अपना 320 करोड़ अमेरिकी डॉलर देकर इसका काम दुनिया भर में फैलाया है। यह संस्था गैर बराबरी समाप्त करने की दिशा में काम करती है। सोरोस पिछले दिनों भारत में उस समय चर्चा में आये थे जब उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मित्र कारोबारी गौतम अदानी की कारगुजारियों पर सवाल उठाते हुए एक तरह से संकेत दिये थे कि भारत में निवेश सुरक्षित नहीं है। बहरहाल, जिस ओएसएफ सर्वे की यहां बात है वह 30 देशों में किया गया जिसके अनुसार 18 से 35 वर्ष के युवा अपने देशों में लोकतंत्र नहीं बल्कि सैन्य शासन चाहते हैं। साथ ही, 35 साल से अधिक उम्र के लोग सोचते हैं कि गरीबी, असमानता, जलवायु परिवर्तन आदि विषयों से निपटने में लोकतांत्रिक सरकारें सक्षम नहीं हैं। सबसे गम्भीर तथ्य जो उभरकर आया है वह यह कि केवल 30 फीसदी लोगों का ही अपनी सरकारों में भरोसा है। सरकारों में अविश्वास उन्हें लोकतांत्रिक पद्धति में भी अनास्था की ओर ढकेल रहा होगा।

ओएसएफ के अध्यक्ष मार्क मैलक ब्राउन की यह चिंता वाजिब है जिसमें वे कहते हैं कि 'हालात चिंताजनक हैं। पीढ़ी-दर-पीढ़ी लोगों की आस्था लोकतंत्र में घटती जा रही है। युवाओं को लगता है कि लोकतंत्र उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम नहीं है।' यह सोचना होगा कि इन देशों के नागरिकों, खासकर युवाओं के दृष्टिकोण में ऐसा परिवर्तन किसलिये आया है। बमुश्किल कुछ ही दशकों पहले से लोकतंत्र सारी दुनिया की सबसे पसंदीदा शासन प्रणाली बनी है। जहां इस व्यवस्था को पहले-पहल लागू किया गया, उन्होंने मानवीय विकास की सुनहरी इबारतें लिखीं। इन्हें परिपक्व लोकतांत्रिक देशों के रूप में देखा जाता है। इनमें अमेरिका, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, तमाम यूरोपीय देश हैं। कुछ एशियाई, लातिन अमेरिकी, यहां तक कि अफ्रीकन देश भी हैं जिनमें यह प्रणाली बहुत मजबूत तो नहीं है लेकिन उन्होंने इसे बनाये रखा है तथा उसे बनाये रखना वहां के नागरिक अपने हित में समझते हैं। उनकी लोकतंत्र में आस्था बनी हुई है। इनमें बहुत से ऐसे मुल्क भी हैं जहां निर्वाचित सरकार को सैन्य तानाशाह पलटकर सत्ता पर काबिज हो लेते हैं। उन देशों में लोकतांत्रिक सरकारें कभी आती हैं तो कभी सैनिक शासन द्वारा बर्खास्त कर दी जाती हैं। भारत के कई पड़ोसी मुल्कों में ऐसा हुआ है। बांग्लादेश में ऐसा हुआ, पाकिस्तान ने भी इसका अनुभव किया और अभी म्यांमार में चुनी हुई सरकार को कूड़ेदान में डालकर सैनिक जुंटा सत्ता पर काबिज है। ऐसे भी देश हैं जहां एक दलीय शासन प्रणाली है- रूस, चीन, उत्तरी कोरिया आदि। सम्भवतः इस तरह के देशों के नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था की कीमत अधिक जानते होंगे।

जैसा कि भारत के संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर ने प्रारूप सौंपते हुए संविधान सभा में अपने भाषण में कहा था कि उन्होंने तो संविधान बना दिया है लेकिन यह लागू करने वालों पर निर्भर करेगा कि वे इसे किस तरह से लागू करते हैं। लगभग यही बात लोकतांत्रिक प्रणाली पर भी लागू होती है। ज्यादातर समाज वैज्ञानिक व राजनीतिशास्त्र के जानकार स्वीकार करते हैं कि अब तक विश्व ने इससे बेहतर कोई शासन प्रणाली ईज़ाद नहीं की है। यह सच भी है। व्यक्तिगत और सामूहिक विकास की जो गुंजाइशें इस राजनीतिक व्यवस्था में उपलब्ध हैं, वे अन्य अन्य किसी भी प्रणाली में नहीं हैं। 'लोगों की लोगों के द्वारा लोगों के लिये' कही जाने वाली यह बेहतरीन पद्धति दुनिया की तरक्की, सामाजिक सौहार्द्र, नागरिक आजादी, बन्धुत्व और विश्व शांति व एकजुटता के लिये सर्वाधिक अनुकूल है। शेष अन्य शासन पद्धतियां अपवाद स्वरूप कहीं-कहीं और वह भी थोड़े काल के लिये अच्छी साबित हुई होंगी परन्तु व्यापक व समग्र रूप से देखें तो अन्य तरह की प्रणालियों ने लोगों का शोषण और उत्पीड़न ही किया है। शासन चलाने के ये तरीके कुछ ही लोगों के लिये फायदेमंद होते हैं। सामूहिक विकास इनसे बिलकुल सम्भव नहीं है। यही कारण है कि पूरी दुनिया ने अन्य पद्धतियों को छोड़कर इसका अंगीकार किया है।

यह सर्वे भारत के सन्दर्भों में भी प्रासंगिक है जहां एक खास मकसद से लोकतंत्र के खिलाफ स्वर उठवाए जाने लगे हैं। लोगों में एक नयी अभिरुचि परिलक्षित हो रही है जिसमें लोकतंत्र को खारिज कर तानाशाही की बात की जाती है। बताया जाता है कि लोकतंत्र कुछ लोगों के तुष्टिकरण के लिये देश में लागू किया गया है। साथ ही लोकतंत्र को एक सामूहिक परिसम्पत्ति न मानकर उस पर बहुसंख्यक वर्ग व सम्प्रदाय का एकाधिकार जायज कहा जाने लगा है। यह बेहद खतरनाक प्रवृत्ति है जिसके खिलाफ काम किये जाने की आवश्यकता है। लोकतंत्र को जीवित रखना सार्वजनिक हित में है।

# आखिर ये किनके नेता हैं?

ये भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री हैं। धोरों यानी रेतीले टीलों की धरती से आते हैं और एक बड़ा ही शीतल और निर्मल विभाग उनके पास है। वे जल संसाधन मंत्री हैं और राजस्थान के भावी मुख्यमंत्री होने की ख्वाहिश रखते हैं। ऐसा हो भी सकता है लेकिन क्या जनता अपने नेता की सभा में 'ज़ुबान खींच ली जाएगी' और 'आंखें निकाल लेंगे' जैसे शब्द सुनने के लिए आती है? बाड़मेर के धोरीमन्ना में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ऐसी ही भाषा का प्रयोग किया। इसके पहले वे राजस्थान सरकार के एक मंत्री को 'अरब सागर में फेंकने' की बात कर चुके हैं और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को 'रावण' भी कह चुके हैं। ऐसी भाषा जब परिवर्तन यात्राओं में इस्तेमाल होगी तो आप किस हक़ से जनता से उम्मीद करते हैं कि वह शांत रहे? फिर, हरियाणा के नूंह और महाराष्ट्र के सतारा में हुई हिंसा को आप कैसे रोक सकते हैं? आख़िर बात-बात पर ये नेता इस क़दर उत्तेजित क्यों होते हैं? बुद्ध, विवेकानंद और बापू के देश में क्या अब नेताओं में बातचीत का यही सलीका रह गया है?

अब से 130 साल पहले शिकागो में 11 सितंबर 1893 को स्वामी विवेकानंद ने हिन्दू धर्म की प्रतिष्ठा में जो कहा था, लगता है उसे इन नेताओं ने पूरी तरह से भुला दिया है। सभा में मौजूद पूरी अंतरराष्ट्रीय बिरादरी का दिल जीत लेने वाले उस ऐतिहासिक व्याख्यान की प्रारंभिक पंक्तियां थीं- 'मैं एक ऐसे धर्म का अनुयायी होने में गर्व का अनुभव करता हूं जिसने संसार को सहिष्णुता तथा सार्वभौमिकता की शिक्षा दी। हम लोग सभी धर्मों के प्रति केवल सहिष्णुता में ही विश्वास नहीं करते, समस्त धर्मों को सच्चा मानकर उन्हें स्वीकार करते हैं। मुझे एक ऐसे देश का इंसान होने का अभिमान है जिसने इस पृथ्वी के समस्त धर्मों और समस्त उत्पीड़ितों-शरणार्थियों को आश्रय दिया है।' कितने कमाल की बात है कि जिस सभा में सब अपने धर्म की श्रेष्ठता साबित करना चाह रहे थे वहां स्वामी जी ने सब धर्मों के सत्य को स्वीकारने वाले हिंदू धर्म की इस ख़ूबी को बताकर उसे हर प्रतिस्पर्धा से ऊपर स्थापित कर दिया। आज के ये नेता चाहे तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक मुनेत्र कषगम (डीएमके) के उदयनिधि स्टालिन हों या भारतीय जनता पार्टी के गजेंद्र सिंह शेखावत जो केवल अपनी तत्कालीन राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हैं, इनमें से किसी को भी इल्म है कि वे किस महान विरासत को धूमिल कर रहे हैं।

करूणानिधि के पोते और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन का यह बयान कि 'सनातन धर्म को जड़ से ख़त्म किया जाना चाहिए और मच्छर, डेंगू, मलेरिया और कोरोना ये कुछ ऐसी चीज़ें हैं, जिनका केवल विरोध नहीं किया जा सकता बल्कि उन्हें ख़त्म करना ज़रूरी होता है', दरअसल सनातन संस्कृति के बारे में दक्षिण के बड़े विचारकों का मानना है कि यह समानता की पैरोकार नहीं है और इससे वंचित समाज को बराबर के हक़ नहीं मिल पाते। तमिलनाडु की राजनीति में इसका असर साफ़ देखा जा सकता है, ख़ासकर द्रविड़ राजनीति ने इसे अपने ख़िलाफ़ माना। आर्य और द्रविड़ विवाद कोई आज का नहीं है। तमिलनाडु का राजनीतिक इतिहास बताता है कि इसकी शुरुआत पिछली सदी के दूसरे दशक से हुई जब वहां के नेताओं ने तमिलनाडु के निवासियों को द्रविड़ मानते हुए उन्हें उत्तर भारत के आर्यों से अलग कहा था। पेरियार और रामास्वामी के नेतृत्व में बदलाव की जबरदस्त लहर चली और आगे जो राजनीतिक आंदोलन कायम हुआ वह 'द्रविड़ मुनेत्र कषगम' कहलाया। सत्तर के दशक से हर चुनाव में प्रदेश की सत्ता दो दलों डीएमके और अन्ना डीएमके के हाथ में रही और वे उच्च वर्ग विरोधी रुख के कारण सत्तासीन होते रहे। समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि आम जनता को इससे ताकत मिली, भरोसा मिला। दक्षिण के इस नेरेटिव से भाजपा में उत्तर भारत में लाभ लेने की इच्छा बलवती हुई और इसीलिये सरकार के मंत्री इस कदर हिंसक बयान दे रहे हैं। अच्छी बात यह हुई है कि अब मुख्यमंत्री स्टालिन और इंडिया गठबन्धन ने इस मुद्दे पर कोई भी बयान देने से इंकार कर दिया है और इसे यहीं समाप्त करने का फैसला लिया है।

सच है कि भारतीय जनता पार्टी को यह मुद्दा तश्तरी में रखकर मिला था। हिन्दू-मुसलमान की सियासत करने वाली भाजपा को कतई परेशानी नहीं है कि उसे उत्तर के लिए दक्षिण से भी बैर क्यों न करना पड़े और दांव पर क्यों न बहुसंख्यक वर्ग ही हो। नफ़रत, बहस, लड़ाई वर्तमान भारतीय राजनीति का यही आधार बना हुआ है। चुनाव करीब हैं, लिहाज़ा विश्व हिन्दू परिषद 30 सितंबर से 15 अक्टूबर तक शौर्य जागरण यात्राओं का संचालन करेगी और उसके धर्म योद्धा देश भर में घूमेंगे। ये स्वामी विवेकानंद की विरासत को लेकर नहीं चलेंगे बल्कि ये बताएंगे कि 'लव जेहाद' क्या है और जो कोई कथित जेहादी हो भी गया है यानी किसी और धर्म- इस्लाम या ईसाईयत को अपना चुका है, ऐसे में उसकी 'घर वापसी' कैसे होगी। बंटवारे का दावानल सुलगता रहना चाहिए और उसमें आग उगलते बयानों का पेट्रोल भी पड़ते रहना चाहिए। ये बयान जब सरकार के मंत्री देते हैं तो मतदाता को चिंतित अवश्य होना चाहिए कि उसका कीमती मत और टैक्स उसके कल्याण में खर्च होगा या परिवर्तन रैलियों में ज़हर उगलेगा? रैलियां करना अधिकार है लेकिन कानून-व्यवस्था को देखना होगा कि इसके ज़रिये अनावश्यक उकसाने और नीचा दिखाने का उपक्रम न हो, जैसा कि पिछले दिनों नूंह की सांप्रदायिक हिंसा में हुआ। अच्छी बात यह है कि इससे जुड़े एक आरोपी मोनू मानेसर को गिरफ्तार कर राजस्थान पुलिस को सौंप दिया गया है जिस पर दो लड़कों की हत्या का इलज़ाम भी है।

क्या सत्ता कभी इस बात पर विचार नहीं करती कि ऐसे मुद्दों से देश में केवल तनाव पैदा होता है, अफवाहें सर उठाती हैं और लोग सांप्रदायिक हिंसा का शिकार होकर अपनी जान गंवा देते हैं। महाराष्ट्र के सातारा ज़िले के एक गांव में एक सोशल मीडिया पोस्ट से एक व्यक्ति की जान चली गई और दस से ज़्यादा घायल हो गए। कई शहरों की ऐसी ही दर्द भरी दास्तानें हैं। इंटरनेट बंद कर दिया जाता है, स्कूल-कॉलेज बंद हो जाते हैं। क्यों इक्कीसवीं सदी के वैज्ञानिक युग में ऐसा हो रहा है? एक तरफ हम चांद पर पहुंच कर आल्हादित हो रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर हमारे ही देश का दुखद सच यह है कि धर्म के नाम पर लोगों की जानें जा रही हैं। क्या इसके लिए देश चुनता है सरकार? ऐसा वादा देश और राज्य की सरकारें जनता से क्यों नहीं करती कि एक भी जान ऐसी पाशविक प्रवृत्ति की वजह से नहीं जाएगी? विविधता से भरे देश में यही पहला वादा होना चाहिए कि किसी भी सांप्रदायिक अथवा सामुदायिक संघर्ष में लोग नहीं मारे जाएंगे। ऐसा कैसे संभव है? इसका जवाब बुद्ध और महात्मा गांधी से मिलता है- दुखी व गरीब की सेवा और हर विविधता का आदर।

सच है कि जब तक गांधीजी रहे, राष्ट्रीयता की हमारी समझ को उनसे राह मिलती रही; क्योंकि उन्होंने भी अपना धर्म 'अहिंसा' ही माना था। जैनेन्द्र कुमार अपने लेख में लिखते हैं- 'समस्यांए आती थीं लेकिन उनके भीतर ऐसा समाधान हो जाता था कि कोई कठिनाई उन्हें नहीं होती थी। अपनी आत्मा के रह कर, सबके बनते जाने में उन्हें कोई मुश्किल नहीं हुई। सबके होने में उन्हें अपनी मर्यादा छोड़ने की ज़रूरत नहीं थी। अंत तक कहा कि मैं सनातन हिन्दू वैष्णव हूं, उसी में से सब धर्म मुझे समान बनाते हैं। वे सब मेरे हैं, मैं उनका हूं। मेरा वैष्णवत्व मुझे यह सिखाता है। मतभेद उनके सामने भी आए, पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की ओर से भी आए। तब महात्मा गांधी ने उन्हें तोड़ा या गलाया नहीं, जस का तस उनकी ओर भेज दिया। गांधीजी अपनी तरह जी कर, हमारी आंखों को खोल देने वाली जीवन नीति रख गए लेकिन उस मानव नीति की भूमिका पर हमारा काम नहीं चल सका। राजनीति का बोलबाला रहा और राजनीतिक अधिकारों की चाह और मांग से वातावरण गर्म बना रहा।

हमारा दुर्भाग्य कि आज भी यही सब हो रहा है, कोई नेता नहीं जो महात्मा गांधी की तरह मतभेद की पुड़िया को जस का तस लौटाकर अपना मन ज़ाहिर कर दे। हर एक को तुरंत लाभ कमाना है, कूदना है। उत्तर से दक्षिण तक यही हाल है। ये नेता किनके नेता हैं जिनमें बस अपना स्वार्थ बसता है? किसी में लेशमात्र भी गांधी का अक्स दिखे तो आप उसे अपना प्रत्याशी चुन लेना। फिर इधर-उधर जाने की ज़रुरत नहीं। वह किसी भी दल में हो सकता है।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

हमारा दुर्भाग्य कि आज भी यही सब हो रहा है, कोई नेता नहीं जो महात्मा गांधी की तरह मतभेद की पुड़िया को जस का तस लौटाकर अपना मन ज़ाहिर कर दे। हर एक को तुरंत लाभ कमाना है, कूदना है। उत्तर से दक्षिण तक यही हाल है। ये नेता किनके नेता हैं जिनमें बस अपना स्वार्थ बसता है? किसी में लेशमात्र भी गांधी का अक्स दिखे तो आप उसे अपना प्रत्याशी चुन लेना।

# जी-20 शिखर सम्मेलन में परमाणु हथियार उन्मूलन पर बातचीत न होना निराशाजनक

■ डॉ. अरुण मित्रा

बहुत धूमधाम से प्रचारित जी 20 शिखर सम्मेलन निरस्त्रीकरण और परमाणु हथियारों के उन्मूलन की किसी प्रतिबद्धता के बिना समाप्त हो गया। इस शिखर सम्मेलन से कई उम्मीदें थीं क्योंकि यह रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध की पृष्ठभूमि में आयोजित किया गया था; और यह भारत में आयोजित किया गया था जो परमाणु हथियार मुक्त दुनिया का एक मजबूत नायक रहा है। अतः यह महसूस किया गया था कि निरस्त्रीकरण एवं शांति के मुद्दों पर कुछ ठोस निर्णय लिये जायेंगे।

घोषणा में युद्ध के मानवीय परिणामों पर चिंता व्यक्त की गई है। घोषणापत्र के पृष्ठ 2 पर बिंदु 7 में कहा गया है- 'हम अत्यधिक मानवीय पीड़ा और दुनिया भर में युद्धों और संघर्षों के प्रतिकूल प्रभाव पर गहरी चिंता के साथ ध्यान देते हैं।' इसी पृष्ठ पर बिंदु संख्या 8 में घोषणा में उल्लेख किया गया है कि 'परमाणु हथियारों का उपयोग या उपयोग की धमकी अस्वीकार्य है'। इसलिए यह उम्मीद करना लाजमी था कि रूस यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने और परमाणु हथियारों के उन्मूलन के लिए कुछ ठोस कदम उठाये जायेंगे जो आज मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरा बने हुए हैं।

जी 20 में कुल नौ में से छह परमाणु हथियार रखने वाले देश थे। संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के पास दुनिया के लगभग 90प्रतिशत परमाणु हथियार हैं। यह वह अवसर था जहां चर्चा का जोर परमाणु हथियारों को खत्म करने और अस्तित्व पर खतरे से बचने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर हो सकता था।

जी 20 शिखर सम्मेलन राष्ट्रों के प्रमुखों या उनके प्रतिनिधियों की बैठक है। रूस यूक्रेन युद्ध ख़त्म करने के लिए ठोस निर्णय लेने का अधिकार उनके पास है। लेकिन जारी घोषणा पृष्ठ 2 बिंदु 8 पर लिखा है 'यूक्रेन में युद्ध के संबंध में... हमने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र महासभा (ए/आरईएस/ईएस-11/1 और ए) में अपनाये गये अपने राष्ट्रीय पदों और प्रस्तावों को दोहराया /आरईएस/ईएस-11/6)' ये प्रस्ताव रूसी आक्रमण की निंदा करते हैं लेकिन कहीं भी अमेरिका और नाटो की स्पष्ट भागीदारी का उल्लेख नहीं करते हैं जो युद्ध को जारी रखने और ऐसी स्थिति पैदा करने के लिए यूक्रेन को हथियारों की बड़ी खेप की आपूर्ति कर रहे हैं कि युद्ध ख़त्म करने के लिएकोई सार्थक बातचीत नहीं हो सके।

जी 20 में कुल नौ में से छह परमाणु हथियार रखने वाले देश थे। संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के पास दुनिया के लगभग 90प्रतिशत परमाणु हथियार हैं। यह वह अवसर था जहां चर्चा का जोर परमाणु हथियारों को खत्म करने और अस्तित्व पर खतरे से बचने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर हो सकता था।

परमाणु युद्ध की रोकथाम के लिए अंतरराष्ट्रीय चिकित्सकों (आईपीपीएनडब्ल्यू) द्वारा भौतिकविदों, जीवविज्ञानियों, जलवायु विज्ञानियों और अन्य वैज्ञानिकों के सहयोग से किये गये एक अध्ययन 'परमाणु अकाल' ने साक्ष्य के साथ दिखाया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 100 परमाणु हथियारों के उपयोग से भी दो अरब लोगों के जीवित रहने पर खतरा पैदा हो जायेगा। रूस और यूएसए-नाटो के बीच परमाणु आदान-प्रदान से 5 अरब से अधिक लोग मारे जायेंगे और इसका मतलब हजारों वर्षों के मानव श्रम के माध्यम से निर्मित आधुनिक सभ्यता का अंत होगा।

परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (टीपीएनडब्ल्यू) 7 जुलाई 2017 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सदस्यों के भारी बहुमत से पारित हुई और जो पहले ही लागू हो चुकी है, और यह एक अवसर था जिसे खोना नहीं चाहिए था। उपस्थित देश टीपीएनडब्ल्यू में शामिल होने का निर्णय ले सकते थे और परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए ठोस कदम उठा सकते थे।

शिखर सम्मेलन छोटे हथियारों के प्रसार को रोकने के लिए विस्तृत कदम उठाने में भी विफल रहा। विश्व के कई क्षेत्र विशेषकर अफ्रीकी महाद्वीप में बड़े पैमाने पर सशस्त्र संघर्षों में शामिल हैं। घोषणा में पृष्ठ 28 पर बिंदु 74, छोटे हथियारों और हल्के हथियारों की अवैध तस्करी और खेप पहुंचाने के बारे में चिंता व्यक्त करता है और निर्यात, आयात नियंत्रण और अनुरेखण सहित इन घटनाओं से निपटने के लिए देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान करता है। हालांकि, इसमें राज्य प्रायोजित आतंकवाद का कोई उल्लेख नहीं है, न ही कानूनी हथियारों की आपूर्ति को नियंत्रित करने पर एक शब्द भी है जो अंततः दुनिया भर में हिंसा में उपयोग किया जाता है। इस जी 20 बैठक में एकत्र हुए कई देशों की भूमि पर बंदूक उत्पादक उद्योग स्थित हैं। ये सरकारें छोटे हथियारों के प्रसार और व्यापार को रोकने के लिए बहुत अच्छे कदम उठा सकती हैं।

इस संबंध में अंतिम घोषणा अत्यंत निराशाजनक है। भारत आसानी से इस पर बढ़त ले सकता था क्योंकि भारतनॉन एलाइन्डमूवमेंट (नैम) का संस्थापक सदस्य था। 1983 में दिल्ली में आयोजित नैमके सातवें शिखर सम्मेलन में 117 राष्ट्राध्यक्ष और 20 पर्यवेक्षक शामिल थे। यह वर्तमान घटना से कहीं अधिक बड़ी घटना थी। नैमशिखर सम्मेलन में निरस्त्रीकरण, शांति, मानवाधिकार, फिलिस्तीन के मुद्दे और आपसी सहयोग के माध्यम से अविकसित दुनिया के आर्थिक विकास पर गंभीर चर्चा हुई। लेकिन जी 20 में बहस में ऐसे मुद्दों को तवज्जो नहीं दी गयी।

जी 20 सैन्य औद्योगिक परिसर द्वारा लाभ की बढ़ती लालसा का संज्ञान लेने में विफल रहा। कार्यक्रम से एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने आगमन पर कहा कि भारत के साथ रक्षा सौदे के लिए यह अच्छा मौका है। संसद सदस्य मनीष तिवारी ने 8 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच द्विपक्षीय बैठक के बाद भारत-अमेरिका संयुक्त बयान पर संदेह जताया है।

बयान में कहा गया है, 'नेताओं ने दूसरे मास्टर शिपरिपेयर एग्रीमेंट के सम्पन्न होने की सराहना की जिसके तरह अमेरिकी नौसेनाऔर मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, लिमिटेड, ने अगस्त 2023 में समझौते पर हस्ताक्षर किये थे। दोनों पक्षों ने आगे तैनात अमेरिकी नौसेना संपत्तियों और अन्य विमानों और जहाजों के रखरखाव और मरम्मत के लिए एक केंद्र के रूप में भारत के उद्भव को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई'। इसके साथ ही भारत 'अग्रिम-तैनात अमेरिकी नौसेना संपत्तियों और अन्य विमानों और जहाजों के रखरखाव और मरम्मत के लिए एक केंद्र' के रूप में उभरेगा। अभी तक भारत ने ऐसी किसी भी गतिविधि के लिए अपनी जगह उपलब्ध नहीं कराई है।

## पावन प्रसंग

# निर्द्वन्द्व जीवन का योगपथ

योगशास्त्रों में योगाभ्यास से प्राप्त होने वाली विभिन्न शक्तियों, सिद्धियों व विभूतियों का वर्णन है। नियमित व विधिवत किए गए योगाभ्यास के फलस्वरूप योगियों में असाधारण व अनुपम शक्तियों का प्रादुर्भाव होने लगता है। योगी अणु के समान छोटा या समान छोटे तो कभी पर्वताकार हो जाते थे।

यह सब उनके योगबल का ही परिणाम था। योगी पहाड़ के समान बड़ा बन सकता है। वह अन्य शरीर में प्रवेश कर सकता है। योगमार्ग के साधकों को ये सारी सिद्धियां अनायास ही हस्तगत हो जाती हैं पर असत्य यह भी नहीं है कि जो साधक इन सिद्धियों, शक्तियों, विभूतियों, ऐश्वर्यों के प्रलोभनों में, आकर्षण में पड़कर क्रीड़ा-कौतुक करने लगते हैं, वे योग के चरम तक, शीर्ष तक पहुंच पाने में असफल ही रहते हैं। वे इससे आगे की यात्रा कर ही नहीं पाते।

तप के क्षेत्र में तो असुरों, दानवों द्वारा भी बड़े कठोर तप किए जाने का वर्णन है, पर वे तप से प्राप्त शक्तियों का उपयोग व दुरुपयोग करने के कारण आत्मसाक्षात्कार जैसे महान लक्ष्य की प्राप्ति से सर्वथा वंचित ही रहते थे और तपस्वी होते हुए भी अंततः विनाश को ही प्राप्त होते थे। वे तप से प्राप्त होने वाली सिद्धियों, शक्तियों के आकर्षण में ही डूबे रह जाते थे। इसके विपरीत देव, ऋषि, संत, योगी आदि तप से प्राप्त होते थे। वे प्राप्त शक्तियों का प्रयोग परपीड़ा व पतन निवारण के लिए ही किया करते थे। साथ ही वे दूसरों को धर्ममार्ग, मोक्षमार्ग पर चलने की प्रेरणा भी दिया करते थे।

अस्तु, योगदर्शन में योगाभ्यास से प्राप्त शक्तियों, सिद्धियों व ऐश्वर्यों के प्रलोभन में न पड़ने का उपदेश किया गया है। क्योंकि योगी तभी अपने जीवन के चरम को पा सकता है तथा योग व अध्यात्म के शीर्ष को छू सकता है। अस्तु, योगी का अंतिम लक्ष्य आत्मदर्शन ही होना चाहिए, अंतिम लक्ष्य मोक्ष, मुक्ति व कैवल्य ही होना चाहिए। ऐसा होना तभी संभव है, जब हम योगमार्ग पर अटूट श्रद्धा, भक्ति व समर्पण के साथ चरैवेति, चरैवेति का पालन करते हुए सदा चलते ही रहें, बढ़ते ही रहें, तब तक जब तक कि हम अपनी मंजिल तक न पहुंच जाएं।

राजयोग मंत्रयोग, क्रियायोग, अभ्यास और वैराग्य हठयोग, ज्ञानयोग, कर्मयोग, भक्ति योग आदि किसी भी मार्ग का अवलंबन करते हुए हम अवश्य ही अपने सर्वोच्च लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। सतत योगाभ्यास से जब हमारे चित्त के समस्त विकार, संस्कार मिट जाते हैं तब आत्मा अपने असली स्वरूप को पहचान पाती है, क्योंकि तत्वज्ञान की वृद्धि होती है। आत्मा की प्रकृति, देह, मन व इंद्रियों से भिन्न होने का संपूर्ण ज्ञान प्राप्त हो जाता है।

यही मोक्ष है, मुक्ति है, समाधि है। इस अवस्था में संसार में रहते हुए भी साधक संसार के प्रभाव से अछूता रहता है। अस्तु वह देह में रहते हुए भी विदेह की स्थिति में रहता है, क्योंकि चित्त निर्मल होने का जब उसे अपने वास्तविक स्वरूप का ज्ञान हो जाता है, तब उसका प्रकृति में और उसके कार्यों में स्वभाव से ही वैराग्य हो जाता है। अंत में जब योगी का विवेकज्ञान की महिमा में भी वैराग्य हो जाता है तब उसके विवेकज्ञान में किसी प्रकार का विघ्न नहीं पड़ता, वह निरंतर उदित (प्रकाशमान) रहता है और तब उसे तत्काल ही धर्म में समाधि की प्राप्ति हो जाती है। इस प्रकार वह योगी जीवनमुक्त हो जाता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# चुनाव आयोग की सिफारिश के बाद केंद्र ने सुझाया एक देश एक मतदान

देश मे 1967 के पूर्व लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक ही होते थे। इस दौर की रफ्तार नए राजनैतिक दलों की बढ़ती तादाद के बाद बन्द हो गई। विधि आयोग की सिफारिश के बाद एक चुनाव की बात पर देश सहमत है। कांग्रेस और केजरीवाल का विरोध होना स्वाभाविक है। चुनाव प्रचार के दौरान मुफ्त की रेवड़ी बांटना लगभग बन्द हो जाएगा। सरकार ने एक देश एक मतदाता सूची की तैयारी करने में कमर कस ली है। फिर भी एक चुनाव के लिए दिक्कतें तो आयेंगी लेकिन देश की तिजोरी में छह लाख करोड़ का फायदा होगा। यह कई छोटे देशों की जीडीपी का आंकड़ा है। यह बहुत बड़ी रकम है जिससे जनता की मेहनत की कमाई किसी कल्याणकारी योजना पर खर्च करने से जनता लाभान्वित होगी। एकल सूची बनाने और इस पर सुझाव के लिए कमिटि घोषित की गई है। रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में सुझाव दिए जाएंगे। लोकसभा, विधानसभा और निकाय चुनाव की एक सूची बनाई जा रही है क्योंकि निकाय चुनाव राज्य सरकार के अधीन आते हैं। इस पर सहमति बनाने और रोडमैप के बाद ही मार्ग खुलता दिखाई देगा। देश में यह बदलाव भारत की बदलती तस्वीर की निशानी है। अब तो मतदाता भी जागृत हुए हैं। इतने बड़े लोकतंत्र में हर महीने देश के राज्यों में छोटे बड़े चयन प्रक्रिया और उपचुनाव की मुहिम चलती रहती है। यह निर्णय स्वागतयोग्य है। लोगों को माथापच्ची से छुटकारा मिलेगा। अनुच्छेद 325 के अंतर्गत राज्यों को अधिकार दिया गया है। केंद्र सरकार के दायरे के बाहर है क्योंकि अनुच्छेद के 25 में संशोधन करने के बाद ही मार्ग प्रशस्त होगा। लोकसभा और विधानसभा की सीटें एक ही दायरे में रहती हैं। पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव में राज्य के कानून में बदलाव करना होगा। संविधान संशोधन कर बंदिश लगा रखी है कि 2026 तक कोई भी परिसीमन नहीं होगा। इस पर फिर से कमिटि विचार कर बातचीत के बाद लागू किया जा सकता है। देश में अनेक राज्यों में ईसीआर का इस्तेमाल होता है और अनेक राज्य ईसीआर में शामिल नहीं है। ये सभी अड़चन दूर कर देश में एक देश एक मतदाता सूची की तरफ कदम बढ़ाया जा सकता है। केंद्र के इस कार्य में राजनैतिक दलों का विरोध होता है तो भी इस बात को दरकिनार कर एक चुनाव की रणनीति बनाई जानी चाहिए जिससे जनतालक्ष्यी कार्य को सुगम बनाया जा सके और देश को इन जुमलेबाजों से छुटकारा मिलने में राहत अनुभव कर सके।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# कलेक्टर ने आंगनबाड़ी की देखी व्यवस्थाएं



**पन्ना, देशबन्धु।** कलेक्टर हरजिंदर सिंह ने गुरूवार को शहर के वार्ड क्रमांक 1 एवं 10 के आंगनबाड़ी केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों में दर्ज बच्चों एवं प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी ली। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नियमित रूप से पोषण आहार वितरण, बच्चों के वजन व रूचिकर गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी और परियोजना अधिकारी को नियमित मॉनीटरिंग सुनिश्चित कर कुपोषण दूर करने के लिए आवश्यक प्रयास करने के संबंध में निर्देशित किया। इसी तरह गर्भवती माताओं के रूटीन एएनसी चेकअप सुनिश्चित कराने के लिए कहा। कार्यरत स्टाफ से दायित्वों के निर्वहन में आने वाली समस्याओं की जानकारी भी ली।

आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों की निरंतर उपस्थिति सुनिश्चित करने सहित स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास द्वारा समन्वय के साथ हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। वार्ड नंबर 10 आगरा मोहल्ला में निजी भवन में संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र में व्यवस्थाएं सुधारने तथा भवन को अन्यत्र स्थान पर शिफ्ट करने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर द्वारा 16 सितम्बर तक संचालित होने वाले सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के टीकाकरण सत्र का निरीक्षण भी किया गया। उन्होंने सभी टीकाकरण सत्र की मॉनिटरिंग और समीक्षा सहित टीकाकरण से शेष 0 से 5 वर्ष के बच्चों को शत प्रतिशत टीकाकरण कराने के लिए कहा। साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से सभी ड्यू लाभार्थियों को टीकाकरण सत्र के दौरान मोबिलाइज करने के निर्देश भी दिए।

## संविदा आधार पर भर्ती के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित

**पन्ना, देशबन्धु।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र पन्ना में 5 पदों की भर्ती के लिए आगामी 22 सितम्बर तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। वरिष्ठ फिजियोथेरापिस्ट ऑक्यूपेशनल थेरापिस्ट, सीनियर प्रोस्थेटिक आर्थोटिस्ट, सीनियर स्पीच थेरापिस्ट ऑडियोलॉजिस्ट, वोकेशनल काउन्सलर कम कम्प्यूटर असिस्टेंट और ट्रांस डिसिप्लिनरी स्पेशल एजुकेटर एमआर के एक-एक पद पर भर्ती की जाएगी। पद से संबंधित शैक्षणिक अर्हताओं, अतिरिक्त योग्यता, मासिक मानदेय, अन्य शर्तों व जानकारी के लिए उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांजन सशक्तिकरण विभाग के जिला पंचायत स्थित कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। विभाग के उप संचालक एवं सचिव जिला प्रबंधन दल अशोक चतुर्वेदी ने बताया कि नियुक्ति संविदा आधार पर एक वर्ष के लिए की जाएगी। संतोषप्रद सेवा पाए जाने पर सेवावृद्धि की जा सकेगी। साक्षात्कार के जरिए आवेदकों का चयन किया जाएगा। समिति द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम एवं मान्य होगा। आवेदकों का रोजगार कार्यालय और आरसीआई में जीवित पंजीयन होना भी अनिवार्य है।

# घटिया निर्माण व आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को लेकर कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

**पन्ना, देशबन्धु।** पन्ना जिला मुख्यालय से पहाड़ीखेरा तक लोक निर्माण विभाग द्वारा अस्सी करोड रूपये की लागत से कराये जा रहें निर्माण कार्य में व्यापक स्तर पर घटिया निर्माण एवं भ्रष्टाचार चल रहा है। जिसके कारण प्रतिदिन सडक दुर्घटनाए हो रही है तथा लोग घायल हो रहें है, वाहन पलट रहें है, उस क्षेत्र के लोगो का चलना मुश्किल हो गया है, ठेकेदार द्वारा सडक पर काली मिट्टी तथा गुणवत्ताहीन मिट्टी डालकर सडक को बर्बाद कर दिया गया है तथा मार्ग के सभी पुल एवं पुलियो को एक बार में ही खोद दिया गया है जिससे थोडी सी वर्षा होने पर मार्ग पर चलना मुश्किल हो गया है। उक्त मामले को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी पन्ना के तत्वाधान मे राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपते हुए जांच कर कार्यवाही करने की मांग की गई है।

कांग्रेस पार्टी द्वारा दिये गये ज्ञापन मे बताया गया कि पूर्व में भी इस संबंध में ज्ञापन पार्टी द्वारा सौपे गयें थें। उसके बावजूद निर्माण कार्य में कोई सुधार कार्य नही किया गया। कांग्रेसियों द्वारा ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य मे सुधार कार्य नही किया गया तो चक्काजाम सहित बडा आन्दोलन किया जायेगा। उक्त ज्ञापन ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय तिवारी के नेत्रत्व में सौंपा गया।

इस दौरान अनेक वरिष्ट नेता शामिल हुए जिसमें मुख्य रूप से जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवजीत सिंह भईया राजा, पूर्व विधायक श्रीकांत दुबे, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष दिव्यारानी सिंह, केशव प्रताप सिंह, दीपचन्द्र अग्रवाल, एड. राजेश तिवारी, पवन जैन, शशिकांत दीक्षित, मनोज सेन, आनन्द शुक्ला, अनीश खान, मुरारी लाल थापक, सुप्रिया बुन्देला सहित भारी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित रहें।

## 5 दैवेभो कर्मियों को किया स्थाई



**भोपाल, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने बुधवार को 5 दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थाई कर दिया। मंडल के कमिश्नर चंद्रमौली शुक्ला के आदेश पर दैनिक वेतन भोगी कंछेदीलाल कोष्टा(जबलपुर), हाकिम सिंह, रामेश्वर पाल, बलजीत सिंह, एवं रज्जू बालमीक को स्थाई कर्मी श्रेणीकरण एवं विनियमित वेतनमान श्रेणी में शामिल किया गया। मंडल की मुख्य प्रशासनिक अधिकारी श्रीमति बिदिशा मुखर्जी ने मंडल मुख्यालय में इन कर्मचारियों को आदेश सौंपा। इस अवसर पर कर्मचारी संघ अध्यक्ष बलवंत सिंह रघुवंशी, घनश्याम गुप्ता, उमेश तिवारी उमाकांत बाथम, राजेन्द्र शर्मा राजू उपस्थित रहे।

## नेपाली जनसंपर्क समिति ने लगाया रक्तदान शिविर

**भोपाल, देशबन्धु।** नेपाली जनसंपर्क समिति मध्यभारत क्षेत्र की क्षेत्रीय समिति द्वारा हमीदिया हॉस्पिटल में श्री महामानव बी.पी. कोईराला की 110वीं जन्मजयंती के अवसर पर 2 दिवसीय रक्तदान शिविर एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया। शिविर में 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर समिति के केन्द्रीय महामंत्री जगन्नाथ पौडेल, क्षेत्रीय अध्यक्ष लोकमणी घिमिरे, केंद्रीय उपाध्यक्ष लीलामणी पाण्डे, महासचिव युबराज अर्याल, केंद्रीय सदस्य दामोदर बेलबासे डोलराज गैरे, यमलाल घीमिरे, संगठन सचिव यकराज वशयाल एवं रामनाथ अधिकारी के सदस्य महिला श्रीमती जमुना घिमीरे, श्रीमती इन्दिरा शर्मा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



## लापरवाही पर काटा मानदेय

**पन्ना, देशबन्धु।** आंगनबाड़ी केन्द्रों के संचालन में लापरवाही पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के मानदेय कटौती की कार्यवाही की गई है। जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा गत 13 सितम्बर को पवई परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्र शिकारपुरा एवं गौसदन मिनी और शाहनगर परियोजना के आंगनबाड़ी केन्द्र चौपरा.ब का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चे उपस्थित नहीं मिले। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं द्वारा पोषण माह की गतिविधियां भी आयोजित नहीं करवाई गईं और न ही वजन अभियान के तहत बच्चों के वजन व लम्बाई लेने का कार्य किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों का विधिवत संचालन नहीं पाए जाने और पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही पर संबंधित कार्यकर्ता सहायिका को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा गौसदन मिनी केन्द्र की कार्यकर्ता विजय सोनी और चौपरा-ब केन्द्र की कार्यकर्ता रजनी बैरागी एवं सहायिका कमला यादव का 15-15 दिवस का मानदेय काटा गया। इसके अलावा आंगनाबड़ी केन्द्र शिकारपुरा की कार्यकर्ता गौरी बाई और सहायिका सकुन बाई का एक-एक माह का मानदेय काटा गया। साथ ही भविष्य में लापरवाही तथा कार्य व्यवहार में सुधार नहीं किए जाने पर सेवा समाप्ति की चेतावनी दी गई।

# गौरी अरजरिया बनीं जिला स्वीप आइकॉन



**पन्ना, देशबन्धु।** सिमरिया निवासी पर्वतारोही बेटी गौरी अरजरिया को मतदाता जागरूकता अभियान की गतिविधियों के लिए जिला स्वीप आइकॉन बनाया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरजिंदर सिंह ने गुरूवार को कलेक्टर कक्ष में जिला स्वीप आइकॉन गौरी अरजरिया से भेंट की और सम्मान किया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक साईं कृष्ण एस थोटा, जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप संघ प्रिय और अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी भी उपस्थित थे। गौरी अरजरिया आगामी विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान और जेंडर रेशियो में सुधार के लिए जागरूक करेंगी।

गौरी अरजरिया ने कई साहसिक गतिविधियों में सहभागिता कर परचम लहराया है और अपने परिवार एवं जिले का नाम रोशन किया है। गत दिनों गौरी ने तंजानिया, अफ्रीका की सबसे ऊंची चोटी माउण्ट किलिमंजारो भी सफलतापूर्वक फतह की है।

# युवा लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल्यों के प्रति जागरुक बनें



**भोपाल, देशबन्धु।** आमजन खासकर युवा, लोकतांत्रिक व्यवस्था के मूल्यों के प्रति जितने जागरुक होंगे संसदीय लोकतंत्र उतना मज़बूत होगा। यह बात मध्यप्रदेश विधानसभा में प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने कही। श्री सिंह मध्यप्रदेश प्रेस क्लब और रवीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित युवा संसद प्रतियोगिता पुरुष्कार समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने अपने सम्बोधन में संसदीय लोकतंत्र के विभिन्न पहलुओं के बारे में बताया। श्री सिंह ने इस दौरान संसद और विधान मंडलों की विधायी प्रक्रिया और निर्वाचित प्रतिनिधियों की भूमिका पर प्रकाश डाला, वहीं युवाओं से अपनी ऊर्जा लक्ष्य पर केंद्रित करने तथा अधिकारों के साथ कर्तव्यों का पालन करने और संसदीय व्यवस्था में बढ़कर भाग लेने का आव्हान किया। कार्यक्रम के अंत में श्री सिंह ने विश्वविद्यालय की प्रो. कुलपति डॉ. अदिति चतुर्वेदी वत्स के साथ महाविद्यालयों की विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण-पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी गब्बर सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में टैगोर विश्वविद्यालय की कुलपति के अलावा मध्यप्रदेश प्रेस क्लब के संयुक्त सचिव अजय प्रताप सिंह, डॉ. भावना भदौरिया, प्राध्यापक,डॉ. विजय सिंह, वि.वि रजिस्ट्रार, एम के राजोरिया अवर सचिव संसदीय कार्य विभाग, अनिल कुमार, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन, डॉ. मनीष यादव, प्राध्यापक विधि विश्वविद्यालय सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षकगण के साथ बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

## न्यायालय नजूल अधिकारी जिला सागर म.प्र.

**( सार्वजनिक उद्घोषणा/इश्तहार )**

**राजस्व प्रकरण क्रमांक 80 अ/20 ( 1 ) वर्ष 23-24**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक धर्मेन्द्र राठौर पिता उदय सिंह राठौर निवासी भगवानगंज वार्ड सागर द्वारा म.प्र. नजूल भूमि निवर्तन नियम, निर्देश 2020, प्रभावशील दिनांक 24.09.2020 के अध्याय-आठ की कंडिका 137 के अनुसार नजूल ब्लॉक नं. 57 प्लाट नं. 8/2, 9 रकवा 575.08 वर्गफुट वार्षिक भू-भाटक 119.65 रू. लीज अवधि 30.03.2024 तक के लिए धर्मेन्द्र राठौर पिता उदय सिंह राठौर के नाम से नजूल अभिलेख में दर्ज है, को स्थाई पट्टाधिकार को भूमिस्वामी अधिकार में संपरिवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदक धर्मेन्द्र राठौर पिता उदय सिंह राठौर निवासी भगवानगंज वार्ड सागर द्वारा म.प्र. नजूल भूमि निर्वर्तन नियम, निर्देश 2020, प्रभावशील दिनांक 24.09.2020 के अध्याय -आठ की कंडिका 137 के अनुसार नजूल ब्लॉक नं. 57 प्लाट नं. 8/2, 9 रकवा 575.08 वर्गफुट वार्षिक भू-भाटक 119.65 रू. लीज अवधि 30.03.2024 को स्थाई पट्टाधिकार को भूमिस्वामी अधिकार में संपरिवर्तन किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/पूर्व संस्था/राज्य शासन के कार्यालयों में से किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 03.10.2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.09.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी।

**नजूल अधिकारी, सागर**

## दोपहिया वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश, 3 गिरफ्तार

**भोपाल, देशबन्धु।** पुलिस ने एक वाहन चोर गिरोह को गिरफ्तार कर लिया है। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने चुराई गई चार मोटर साइकिलें भी बरामद की हैं, जिनकी कीमत करीब ढाई लाख रुपये बताई जा रही है। फिलहाल पुलिस आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों से पूछताछ में अन्य वाहन चोरियों के बारे में भी जानकारी मिल सकती है। दरअसल मिसरोद में लगातार वाहन चोरी हो रहे थे। इसको लेकर आला अधिकारियों ने वाहन चोरों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे।

# पति-पत्नी ने एक कमरे में फांसी लगाकर की खुदकुशी

## चार साल पहले हुई थी शादी बच्चे नहीं होने से थे दुखी, होता था विवाद

**भोपाल, देशबन्धु।** सूखीसेवनिया थाना इलाके में रहने वाले पति और पत्नी ने बुधवार को एक ही कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजनों ने शाम को शव देखने के बाद पुलिस को सूचना दी। देर शाम मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया।और पोस्टमार्टम मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि नरेश गौड़ पुत्र गोटीलाल गौड़ उम्र 36 वर्ष पिपरिया जाहिरपीर गांव का निवासी था। वह टाउन एन्ड कंट्री प्लानिंग के एक अधिकारी की कार चलाता था। चार साल पहले उसकी शादी गीता ठाकुर से हुई थी। लेकिन अब तक दोनों की कोई संतान नहीं थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच कई बार विवाद भी होता था। बताया गया है कि बुधवार दोपहर किसी वक्त दोनों ने अपने कमरे में फांसी लगा ली। देर शाम को परिजनों ने दोनों के शव को उनके कमरे में फंदे पर लटका हुआ देखा, जिसके बाद में पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लिए। तहसीलदार ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई की और दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाए गए। पुलिस के मुताबिक मौके की तलाशी में फिलहाल कोई पत्र प्रारंभिक तौर पर खुदकुशी का कारण संतान नहीं होने से दुखी होना सामने आ रहा है। मामले की अन्य बिन्दुओं पर भी जांच की जाएगी।

# आर्थिक तंगी से परेशान ऑटो चालक ने फांसी लगाई

## पत्नी के मायके जाने के बाद उठाया कदम

**भोपाल, देशबन्धु।** खजूरी सड़क इलाके में रहने वाले एक ऑटो चालक ने अपने घर में पत्नी की साड़ी से फंदा बांध कर फांसी लगा ली। वह सात बच्चों का पिता था और आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। घटना के वक्त उसकी पत्नी मायके गई थी। पुलिस का कहना है घटना स्थल से कोई पत्र नहीं मिला है, जिससे खुदकुशी के सही कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी नीरज वर्मा ने बताया कि भौंरी बंगला खजूरी सड़क निवासी शंकर प्रजापति पुत्र बाबू लाल प्रजापति उम्र 38 वर्ष ऑटो चलाने का काम करता था। उसने मंगलवार की शाम को शेड के पाइप से पत्नी की साड़ी का फंदा बांधकर फांसी लगा ली। घटना का खुलासा देर शाम उस वक्त हुआ जब शंकर की बुआ रामकली बाई उसके घर पहुंची। इसके बाद परिजनों ने फंदा काट कर उसे नीचे उतारा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिनजों ने घटना की सूचना पुलिस को दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए हमीदिया अस्पताल में रखवा दिया था। बुधवार दोपहर को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि घटना स्थल से कोई पत्र नहीं मिला है। इससे आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। परिजनों के विस्तृत बयानों में आत्महत्या के कारणों का खुलासा होने की उम्मीद है।

### घर खर्च को लेकर रहते थे परेशान

मृतक के साले कपिल ने बताया कि जीजा शंकर सीएनजी वाले ऑटो को चलाने का काम करते थे। उनकी शादी को 18 साल बीत चुके थे। उनकी 6 बेटी सलोनी, भावना,बिट्टी,सुहानी कामनी व निशी और इकलौता बेटा वीर है। पिछले कुछ समय से जीजा आर्थिक तंगी से जूझ रहे थे। घर खर्च को लेकर ही दीदी और जीजा में मामूली कहासुनी होती थी। मंगलवार सुबह दीदी निम्मा बच्चों के साथ इस्लाम नगर स्थित मायके आ गई थी।

## माखनलाल पत्रकारिता विवि का दीक्षांत समारोह

**भोपाल, देशबन्धु।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 15 सितंबर को आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी स्थित नए परिसर का भी लोकार्पण होगा। कुलपति प्रो.(डॉ)केजी सुरेश ने पत्रकारों को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह विश्वविद्यालय का चतुर्थ दीक्षांत समारोह है। विश्वविद्यालय के कुलाध्यक्ष एवं उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ इस समारोह में मुख्य अतिथि होंगे। जबकि विश्वविद्यालय की महापरिषद के अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा जनसंपर्क मंत्री राजेंद्र शुक्ल विशेष अतिथि के रूप में समारोह में शामिल होंगे।

कुलपति प्रो. सुरेश ने बताया कि दीक्षांत समारोह में जून 2018 से दिसंबर 2022 के उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएगी, जिसमें स्नातकोत्तर एवं पीएचडी के 23 विद्यार्थियों सहित लगभग साढ़े चार सौ विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएगी। प्रो. सुरेश ने बताया कि विश्वविद्यालय को इंडिया टुडे पत्रिका एवं द वीक द्वारा देश की टॉप-10 उत्कृष्ट विश्वविद्यालय की सूची में शामिल किया गया है, जो कि विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने बताया कि माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय देश का पहला मीडिया विश्वव्द्यिालय है, जिसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अपने विश्वविद्यालय में सबसे पहले लागू किया था।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. ( वि./यॉ ) संभाग सागर

फोन नं. 07582-221289 ई-मेल आई.डी. eepwdenmsag@mp.gov.in

एन आई टी नं. 18/2023-24 केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर दिनांक 11.09.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता परीक्षा वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

| क्र. | पोर्टल टेंडर नं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू.में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_ PWDRB_ 306773_1 | टीकमगढ़ जिले के के डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जिला चिकित्सालय टीकमगढ़ के अंतर्गत 33के.व्ही./एच.टी. लाईन एवं एच.बीम पोल का कार्य। | टीकमगढ़ | 1,45,00,000.00 | 1,45,000.00 | 12,500.00 | पांच माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2023_ PWDRB_ 306755_1 | सागर जिले के सागर मुख्यालय में जी.ए. डी. कॉलोनी के पुराने जी. टाईप क्वाटर्स (28 नग) में विद्युतीकरण कार्य। | सागर | 16,69,000.00 | 33,380.00 | 2,000.00 | चार माह वर्षाकाल सहित |
| | | | कुल | 1,61,69,000.00 | 1,78,380.00 | 14,500.00 | |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किया जा सकेंगे।

2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।

3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 12.09.2023 समय सुबह 10.30 बजे से दिनांक 20.09.2023 समय 05.30 सायं तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**( इंजी.डी.डी. लड़िया )**
**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. ( वि./यॉ ) संभाग सागर**

**जी-19671/23**

## एलएनसीटी कालेज में बीएमए के स्टूडेन्ट चेप्टर का शुभारम्भ

**भोपाल, देशबन्धु।** एलएनसीटी कालेज में भोपाल मेनेजमेंट एसोसिएशन (बीएमए) ने स्टूडेन्ट चेप्टर का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में आर जी द्विवेदी, अध्यक्ष, आयोजन समिति, बीएमए, प्रेरक वक्ता महेंद्र जोषी, कार्यकारी सदस्य, बीएमए एंव डॉ अरविंद सिंह, निदेशक, एलएनसीटी ग्रुप आफ कालेज ने उदबोधन दे कर छात्रों का मनोबल बढाया। स्टूडेन्ट चेप्टर का मुख्य उददेश्य विद्यार्थीयों को बीएमए के सहयोग से व्यावसायिक चुनौतियों के लिए तैयार करना और छात्रों का कौशल का विकास करना है। कार्यक्रम में बीएमए मासिक समाचार पत्र प्रबंधन संवाद की संपादकीय टीम एलएनसीटी छात्र उत्कर्ष गुप्ता, रोशनी धोते, अरीबा फ़िरदौस, एंव पूजा गुप्ता को सम्मानित किया गया।

## कार्यालय, कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स). संभाग पन्ना (म.प्र.)

एन.आई.टी. नं.-19/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण पन्ना दिनांक 10.09.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा नवीन एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रण की जाती है:-

| क्र. | पोर्टल टेंडर कं. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनु. राशि (पी.ए.सी.) (रू. लाख में) | अमानत राशि ईएमडी (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 19/1 | 2023_PWDRB_ 306522_1 | अजयगढ़ टौरिया बरियापुर मार्ग लं. 24.00 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | पन्ना | 466.52 | 466520.00 | 15000.00 | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 19/2 | 2023_PWDRB_ 306524_1 | रहुनिया से बिलखुरा मार्ग कि.मी. 14 से 18 तक लं. 5.00 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य | पन्ना | 70.32 | 70320.00 | 10000.00 | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 19/3 | 2023_PWDRB_ 306525_1 | हरदुआ मेमारी से रंगोली मार्ग लं. 8.20 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | पन्ना | 114.24 | 114240.00 | 12500.00 | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 19/4 | 2023_PWDRB_ 306527_1 | अमानगंज गुनौर मार्ग से झिरघाट वाया खिरवा तुन्ना कटकहा मार्ग लं. 6.58 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | पन्ना | 102.31 | 102310.00 | 12500.00 | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 19/5 | 2023_PWDRB_ 306528_1 | बडवारा पहुंच मार्ग लं. 1.60 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | पन्ना | 26.28 | 50000.00 | 5000.00 | 03 माह वर्षाकाल सहित |
| 19/6 | 2023_PWDRB_ 306542_1 | सिमरिया टाउन मार्ग लं. 0.80 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | पन्ना | 19.22 | 38400.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षाकाल सहित |

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाईट http//mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखें एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 11.09.2023 समय 10.00 से दिनांक 20.09.2023 समय 5.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4. अमानत राशि (EMD) केवल ऑनलाईन (RIGS/NEFT) के माध्यम से ही स्वीकार होगी। एवं कोई भी दस्तावेज कार्यालय में भेजना आवश्यक नहीं है। समस्त सत्यापित दस्तावेज केवल ऑनलाईन संलग्न करना है।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग ( भ/स ) संभाग पन्ना म.प्र.**

**जी-19688/23**

ग्राम पंचायत गुना में सरपंच और सचिव ने उपयंत्री से मिलीभगत कर किया भ्रष्टाचार

# कागजों में सड़क बनाकर हड़पे 1 लाख 55 हजार रुपए



• अखंड यादव

**बल्देवगढ़, देशबन्धु।** जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत गुना मे पंच परमेश्वर योजना से 2017 में स्वीकृत राजू के घर से पन्ना के घर तक सीसी रोड सड़क 1 लाख 55 हजार रुपए की लागत से निर्माण किया गया हैं। निर्माण कार्य तत्कालीन सचिव जय हिंद सिंह बुंदेला और सरपंच ने कागजों में कर दिया गया है। मौके सीसी सड़क का नाम निशान भी नहीं है। इस सीसी सड़क रोड को सरपंच और सचिव द्वारा कागजों पर बनकर सरकारी राशि को ठिकाने लगाया हैं। कागजों को देख गांव के लोग सीसी सड़क को खोजते हैं, लेकिन यह सीसी सड़क कही नजर नहीं आ रही है। यह कारनामा भ्रष्टाचार ग्राम के सरपंच और सचिव द्वारा किया गया है। धांधली और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने वाले भी मौन स्वीकृति दिए हुए हैं। यही कारण है कि ग्राम पंचायत गुना में भ्रष्टाचार चरम पर है। उल्लेखनीय है कि उपयंत्री ने बिना निर्माण कार्य देखे कर दिया मूल्यांकन भी कर दिया है। शासन द्वारा ग्राम पंचायत में होने वाले निर्माण कार्यों की मॉनीटरिंग करने के लिए उपयंत्री सहित अनेक अधिकारियों की ड्यूटी रहती है। इसके बाद निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद सेक्टर प्रभारी उपयंत्री द्वारा कार्य का मूल्यांकन करने के बाद निर्माण कार्यों के भुगतान किए जाते हैं।

ग्राम पंचायत गुना में होने वाली सीसी रोड निर्माण में उपयंत्री ने बगैर भौतिक सत्यापन किए ही अपना हिस्सा लेकर रोड का भुगतान कर दिया गया है। सीसी सड़क जमीन पर तो है नहीं लेकिन कागजों में बनकर जरूर तैयार हो चुकी है। सरकार के सरकारी खजाने को दीमक की तरह चाटने वाले ग्राम पंचायत गुना के सचिव और सरपंच ने सेक्टर प्रभारी उपयंत्री की मिली भगत से बड़े-बड़े कारनामों को आसानी से अंजाम दिया है। अब ग्राम पंचायत गुना के सरपंच-सचिव का प्रशासनिक अधिकारियों से मिलकर सरकारी खजाने को सेंध लगाना कोई नई बात नही रह गयी है।

विधायक राकेश गिरी ने विधानसभा वासियों को किया आमंत्रित

# आज मुख्यमंत्री करेंगे मेडीकल कॉलेज का भूमिपूजन और जनदर्शन



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का विगत 12 सितम्बर को टीकमगढ़ जिले का दौरा निरस्त होने के बाद शहर में निराशा का माहौल बन गया था। इसी निराशा को दूर करने के लिए आज 15 सितम्बर शुक्रवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान दोपहर 12 बजे जिले के दौरे पर आ रहे हैं। मुख्यमंत्री द्वारा नगर के अमर शहीद नारायणदास खरे स्टेडियम (गंजी खाना) में विशाल जनसभा को संबोधित करने के साथ ही मेडीकल कॉलेज का भूमिपूजन किया जाएगा। इसके पश्चात शहर के प्रमुख मार्गों से वाहन में सवार होकर वह जनदर्शन करने के लिए निकलेंगे। मुख्यमंत्री को आगमन को लेकर क्षेत्रीय विधायक राकेश गिरी गौस्वामी ने वीडियो जारी करके समस्त विधानसभा वासियों से अमर शहीद नारायणदास खरे स्टेडियम में होने बाली विशाल जनसभा में आमंत्रित करते हुए भारी संख्या में शामिल होने की अपील जारी की है। विधायक श्री गिरी ने कहा है कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा लाडली बहनों को 450 रुपए में सिलेंडर देने की योजना का शुभारंभ किया जाएगा।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में बैठक आयोजित

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** कलेक्टर की अध्यक्षता में साई हॉस्टल गंजीखाना ग्राउण्ड पर टीएल तथा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 15 सितंबर के जिले में कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी एवं क्षमता के साथ करें, जिससे कि मुख्यमंत्री श्री चौहान का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न किया जा सके।

बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने अपने दायित्वों का अक्षरशः पालन करेंगे एवं सभी कार्यक्रम स्थल पर दिए गये कार्य स्थलों पर समय-सीमा में उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल तथा हैलीपैड पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करायें। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर ग्रीन रूम, आवश्यक बैरिकेटिंग सहित स्त्री पुरुषों एवं गणमान्य नागरिक, मीडिया तथा जन समुदाय को अलग-अलग बैठने की बेहरत व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा बड़े और दूर से स्पष्ट दिखाई देने वाले फ्लेक्स लगायें, जिससे कि सभी अपने-अपने स्थान पर आसानी से पहुंच सकें। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर पेयजल की समुचित व्यवस्था रखें। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्रीमती दीपाश्री गुप्ता, एसडीएम टीकमगढ़ संजय दुबे, ईई पीएचई जितेन्द्र मिश्रा, सीएमएचओ डॉ. एसआर रोशन, उपसंचालक सामाजिक न्याय आरके पस्तोर, सहायक संचालक मत्स्य विभाग आरके मिश्रा, जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता, डीईओ शक्ति खरे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शासकीय माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक की मनमानी उजागर

# पात्र आवेदक को दरकिनार कर मास्साब ने बहू को बनाया अतिथि शिक्षक



**पलेरा, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही प्रदेश के मुख्यमंत्री लगातार चुनावी घोषणाएं कर रहे हैं। बीते दिनों अतिथि शिक्षकों के हित को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा की गई घोषणा पर शिक्षा विभाग के अधीनस्थ अधिकारी कर्मचारी किस कदर धांधली करने में लगे हुए हैं, यह नजारा कन्या संकुल अंतर्गत आने वाली ग्राम दांतगौरा के शासकीय माध्यमिक विद्यालय में देखने को मिला है।

यहां पदस्थ प्रधानाध्यापक भूपत प्रजापति द्वारा आवेदक श्रीमती संध्या चौरसिया पत्नी राघवेंद्र चौरसिया को अतिथि शिक्षक आवेदन पत्र की बिना पावती दिए ना सिर्फ गुमराह किया गया बल्कि मास्साब ने अपनी बहू की नियुक्ति अतिथि शिक्षक के पद पर कर डाली। जब आवेदक को इस बात की जानकारी लगी तब मास्साब ने विद्यालय में किसी का आवेदन प्राप्त न होने की बात कह डाली। शिकायतकर्ता राघवेंद्र चौरसिया ने बताया कि उसके द्वारा बीते दिनों अपनी पत्नी संध्या चौरसिया का ग्राम दांतगौरा की शासकीय माध्यमिक शाला में अतिथि शिक्षक पद के लिए आवेदन किया गया था। राघवेंद्र चौरसिया ने बताया कि विद्यालय में पदस्थ प्रधानाध्यापक भूपत प्रजापति के द्वारा आवेदन पत्र लेते हुए पोर्टल बंद होने की बात कहकर पावती देने से मना किया गया था। शिकायतकर्ता राघवेंद्र चौरसिया ने बताया कि वर्तमान में प्रधानाध्यापक भूपत प्रजापति द्वारा अपनी बहू की नियुक्ति अतिथि शिक्षक के पद पर की गई है, जबकि स्कोर कार्ड के अनुसार आवेदक श्रीमती संध्या चौरसिया पत्नी राघवेंद्र चौरसिया की पात्रता वर्तमान में की गई नियुक्ति से अधिक है। शिकायतकर्ता श्रीमती चौरसिया ने बताया कि अतिथि शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में पात्र आवेदकों के साथ धोखाघड़ी करते हुए उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। इस पूरे मामले में आवेदक श्रीमती संध्या चौरसिया ने भर्ती प्रक्रिया में की गई धांधली की शिकायत करते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# एफएलएन मेले में बच्चों ने उत्साहपूर्वक की सहभागिता



टीकमगढ़। शहर के समीपस्थ गांव नयाखेरा की माध्यमिक शाला में शासन के निर्देशानुसार 14 सितंबर को एफएलएन मेला आयोजित किया गया। यह मेला शाला के ट्रैन मॉडल में पेंट हुए कक्षो में आयोजित किया गया जिससे बच्चो व उनके अभिभावकों ने बड़े ही उत्साह पूर्वक मेले में सहभागिता की एवं मेले का आनंद लिया। दरअसल पूर्व शाला प्रभारी शिक्षक विवेक खरे ने शाला के कक्षो को ट्रेन मॉडल में पेंट कराया था, जिससे बच्चे उत्साह पूर्वक स्कूल आते है। शाला में उपस्थिति भी शत प्रतिशत हो गई है। इसी ट्रैन मॉडल के कक्षो में आज एफएलएन मेला आयोजित किया गया। मेले में पंजीयन, शारीरिक विकास, बौद्धिक विकास, भाषा विकास, गणित का ज्ञान, बच्चो का कोना सहित 6 स्टॉल लगाए गए, जिनमे बच्चो ने विभिन्न गतिविधियां की। जिसमे सीधी रेखा, टेढ़ी रेखा पर संतुलन बनाते हुए चलना, रस्सी कूदना, कागज से आकृतियां बनाना आदि शामिल रहे। बच्चों ने अपनी माताओ के सामने बढ़े ही उत्साह पूर्वक भाग लिया। मध्यांतर पश्चात शाला में आयोजित हिंदी दिवस में शाला के प्रधानाध्यापक बुद्ध सागर सिंह ने हिंदी के बारे में सभी को बताया। शाला की छात्रा उमा विश्वकर्मा, साक्षी विश्वकर्मा ने भी कविता से हिंदी का महत्व वताया। शाला के शिक्षक विवेक खरे, अनामिका शर्मा, माधुरी अवस्थी, प्रीति रानी जैन, पुष्पा चढ़ार, गीता चंदेरिया, नैनी सिंघई ने भी हिंदी के विषय मे सभी को जानकारी दी।

# हसगोरा गांव में निकला 7-8 फुट का मगरमच्छ



**मोहनगढ़, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत हसगोरा गांव के किसान खड़ी महाराज के खेत में यह मगरमच्छ पाया गया। खेत में मगरमच्छ के निकलने से गांव में सनसनी फैल गई।

स्थानीय लोगों की सूचना पर वन विभाग की टीम व मोहनगढ़ पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ को पकड़ने में सफलता हासिल की है। अनुमान लगाया जा रहा है कि यह मगरमच्छ ग्राम शिवराजपुर के नाले से होकर ग्राम हसगोरा में आया था। वन विभाग के डिप्टी रेंजर रफीक खान ने बताया कि ग्राम हसगोरा थाना मोहनगढ़ के राजस्व क्षेत्र में लगभग 7 से 8 फुट लंबे मगरमच्छ के पाए जाने की सूचना पर तत्काल वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जहाँ पर एक किसान के खेत में 7 से 8 फुट का मगरमच्छ पाया गया। इस मगरमच्छ

## वन विभाग, पुलिस व ग्रामीणों ने रेस्क्यू कर सुजारा बांध में छोड़ा

को पकड़ने के लिए वम विभाग की टीम ने मोहनगढ़ पुलिस व स्थानीय लोगों की सहायता से करीब 4 से 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद मगरमच्छ का रेस्क्यू किया गया। मगरमच्छ को पकड़ने के बाद आरओ टीम द्वारा बान सुजारा बांध में मगरमच्छ को ले जाकर सुरक्षित छोड़ा गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में वन विभाग टीम के हर्ष तिवारी, रफीक खान, एसपी पांडे, बीके खरे, मोहनगढ़ थाना से एसआई जीतेन्द्र जुगल यादव, प्रधान आरक्षक सनिल शर्मा, प्रधान आरक्षक रतिराम, हंड्रेड डायल चालक जाहर यादव सहित स्थानीय लोगों की अहम भूमिका रही।

# हड़ताली पटवारियों ने छात्र-छात्राओं को पढ़ाई सामग्री की वितरित



**पलेरा, देशबन्धु।** तहसील कार्यालय के बाहर अनिश्चित कालीन हड़ताल पर डटे पटवारी संघ के द्वारा लगातार प्रदर्शन किया जा रहा है। पटवारी संघ के पदाधिकारियों के मुताबिक उनकी पांच सूत्री मांगों में ग्रेड पे 2800 किए जाने के साथ ही पदोन्नति, ग्रह भाड़ा, यात्रा भत्ता, स्टेशनरी भत्ता बढ़ाने की मांग प्रमुख हैं। पटवारी संघ के तहसील अध्यक्ष लक्ष्मी प्रसाद राजपूत ने बताया कि 18 अगस्त को मध्य प्रदेश पटवारी संघ ने जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को एक ज्ञापन सौंपा था, जिसमें 2800 ग्रेड पे और वेतन बढ़ाने की मांग रखी गई थी।

उसके बाद 23 अगस्त से 28 अगस्त तक पटवारी संघ के सदस्य सामूहिक अवकाश पर रहे, लेकिन उनकी मांगों का कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला। उन्होंने बताया कि 28 अगस्त से पटवारियों की ओर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की जा रही है। पटवारी संघ के सदस्यों की ओर से बीते रोज काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया गया था। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पटवारीयों की मांगों को पूरा नहीं करने पर यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। पटवारी संघ के सदस्यों के द्वारा तहसील क्षेत्र के ग्राम चोरटांनगा के शासकीय विद्यालय में पहुंचकर छात्र-छात्राओं को पढ़ाई सामग्री वितरित की गई। मौके पर उपस्थित पटवारी संघ के सदस्यों के द्वारा गांव के मंदिर में भगवान के दर्शन करके उनकी अनिश्चितकालीन हड़ताल को सफल बनाने की कामना भी की गई। इस मौके पर पटवारी लक्ष्मी प्रसाद राजपूत, कालीचरण अहिरवार, राहुल सेन, रामचरण अहिरवार, रामनारायण खटीक, दीपक मिश्रा, सुनील अहिरवार, सौरभ तिवारी, नरेंद्र पटेल, गोविंद यादव, बृजेंद्र खरे, महेंद्र प्रजापति, मुकुल चंदेल, अमित गुप्ता, अवधेश दुबे, राकेश कुशवाहा, किशनलाल गोड़, हरीराम गोंड उपस्थित रहें।

# झांसी हाइवे के समीप घटी घटना, जेसीबी से हटाया गया वाहन

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** टीकमगढ़ झांसी हाईवे पर पूनोल तिगेला के पास गुरुवार की दोपहर करीब 2 बजे सब्जी से भरा हुआ आयशर कंपनी का एक ट्रक अनियंत्रित होकर बीच सड़क पर पलट गया। इस घटना में ड्राइवर को मामूली चोटें आईं हैं। एक बड़ी घटना होने से टल गई। बीच हाइवे सड़क पर ट्रक के पलटने से सड़क के दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। यह जाम करीब एक घन्टे तक लगा रहा। सड़क के दोनों तरफ कई वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। इस दौरान कई यात्रियों को परेशानी हुई। सूचना मिलते ही दिगोड़ा पुलिस मौके पर पहुँची। पुलिस ने जेसीबी मशीन को बुलाया और जेसीबी की सहायता से बीच सड़क पर पलटे हुए ट्रक को सड़क किनारे एक तरफ करके आवागमन सुगम किया गया।

लाडली बहना योजना ने बदली महिलाओं की दशा, सुधरी आर्थिक स्थिति

# विश्व का सबसे शक्तिशाली पार्टी है भाजपा : डॉ. राय



## हजारों लोगों ने थामा बीजेपी का दामन, कमल निशान का करेंगे प्रचार

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** ऐसे अनेक राजनैतिक दल हैं, जो बीजेपी से पुराने भी हैं और सरकारें भी चलाई हैं। लेकिन उनके जन विरोधी कार्य, भ्रष्टाचार और तानाशाही उन्हें ले डूबी है। आज वह पार्टियां अपना अस्तित्व बचाने में लगी हैं। वहीं देश में प्रधानमंत्री मोदी जी और प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की जन कल्याणकारी सोच तथा कार्यों ने बीजेपी को बुंलदियों पर पहुँचाने का काम किया है। करोड़ों लोगों ने बीजेपी का दामन थामा और कमल ध्वजा को फहराने का कार्य कर रहे हैं।

गुरुवार को आयोजित इस मैंगा सदस्यता अभियान में बड़ी संख्या में लोगों ने बीजेपी की सदस्यता लेकर अभियान को सफलता प्रदान की है। यह बात यहाँ पत्रकारों से चर्चा के दौरान डॉं. बीके राय ने कही। सदस्यता अभियान के दौरान बड़ी संख्या में बीजेपी कार्यकर्ताओं और लोगों ने भाग लिया। बीजेपी जिला अध्यक्ष अमित नुना ने अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार ने गरीब और कमजोर तबके का पूरा ख्याल रखा है। प्रदेश को विकास की पटरी पर लाने का प्रयास किया है। धार्मिक और पर्यटन नगरी के रूप में तीर्थ स्थली कुंडेश्वर को पहचान दिलाने और बगाज माता मंदिर का विकास कराने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सबका साथ-सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है।

उन्होंने किसान, मजदूर और व्यापारी भाईयों के साथ ही देश और प्रदेश की माताओं-बहिनों से बीजेपी की सदस्यता ग्रहण कर राष्ट्र को मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सदस्यता अभियान के प्रभारी डॉं बीके राय ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने जिले में मेडिकल कालेज की सौगात देकर युवाओं को बेहतर सौगात दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी श्री राम राजा लोक के निर्माण से ओरछा ही नहीं संपूर्ण बुन्देलखंड की तस्वीर बदलने की पहल की है। श्री राम राजा लोक के निर्माण के लिये बीते दिनों ही भूमिपूजन किया गया है। इसी तर्ज पर महादेव लोक कुंडेश्वर में बनाये जानें का आग्रह किया जायेगा। उनका टीकमगढ़ आगमन निश्चित ही जिलेवासियों को और भी सौगातें देकर जायेगा। उन्होंने कहा कि सदस्यता अभियान में बड़ी संख्या में लोगों का आना और आयोजन को सफल बनाना यह दर्शाता है कि प्रदेश और देश की जनता बीजेपी के साथ है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार की कोशिश होगी कि हमारे जिले का भरपूर विकास हो।

श्री राय ने बताया कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश को कृषि के क्षेत्र में जो सम्मान दिलाया है, उसके लिए जिले की जनता की ओर से हम उन्हें बधाइयाँ देते हैं। डॉं राय ने कहा कि श्री चौहान ने लाड़ली बहनों के लिए जो कर दिखाया है, वह अनुकरणीय है। वह जल्द ही और भी सौगातें देने वाले हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लाडली बहना योजना इसलिये लागू की कि बहनों की आंखों में आंसू न आयें, वे पीड़ा के किसी भी दौर से न गुजरें। लाडली बहनों के जीवन में खुशियां आये इसलिये प्रतिमाह पहले एक हजार रूपये उनके खातों में डाले गये, जिसमें 250 रूपये की वृद्धि की गई है। इस प्रकार अब 10 अक्टूबर से सवा करोड़ लाडली बहनों के खातें में 1250 रूपये आयेंगे। इस राशि को धीर-धीरे बढ़ाकर 3000 रूपये किया जायेगा। आजीविका मिशन से जोड़कर उनकी आमदनी हर माह 10000 रूप्ये करने के प्रयास भी मुख्यमंत्री जी कर रहे हैं। श्री चौहान ने बेटियों के साथ दुराचार करने वालों को सीधे फांसी के फंदे लटकाये जाने और बहिनों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर किसानों को प्रतिवर्ष 12 हजार रूपये मिलेंगे, क्योंकि मध्य प्रदेश सरकार ने अपने हिस्से की राशि 4 हजार को बढ़ाकर 6 हजार कर दिया है। उन्होंने बताया कि पूर्व सरकार ने जो योजनायें बंद कर दी थीं, उन्हें हमारी बीजेपी सरकार ने पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने अंत में अभियान की सफलता पर खुशी जाहिर की और लोगों को धन्यवाद दिया।

## सार समाचार

### युवा उत्सव का आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय में दो दिवसीय युवा उत्सव प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी.एल. जैन के निर्देशन में हुआ। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. रेखा जैन ने बताया कि महाविद्यालय में पोस्टर, कार्टूनिंग, स्पॉट पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, वाद – विवाद, वक्तृतता, प्रश्नमंच प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। जिसमें संचालन डॉ. अवधेश जैन ने किया। प्रतियोगिता संपन्न करने के दौरान प्रशासनिक अधिकारी डॉ. एन.पी. नायक सहित समस्त समिति सदस्यों का सहयोग रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. के. के. उमाहिया, डॉ. अरुणा एम. जैन, डॉ. मुदिता प्रवीण श्रीवास्तव, डॉ. डी.के. नेमा, डॉ. मालती नायक का रहा।

धारा 307 में गिरफ्तार कर लेकर आई थी पुलिस

# युवक ने कोतवाली में जहर खाया



**दमोह देशबन्धु।** कोतवाली में एक युवक ने गुरुवार दोपहर जहर खा लिया। उसकी हालत बिगड़ी तो कोतवाली पुलिसकर्मी युवक को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। प्राप्त जानकारी अनुसार अनुज गुप्ता निवासी उमा मिस्त्री की तलैया का कोतवाली थाने में धारा 324 के तहत अपराध दर्ज किया गया था। जिसमें वह फरार चल रहा था। मामले में विवेचना के बाद अनुज गुप्ता पर धारा 307 बढ़ाई गई थी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया और उसे कोतवाली ले गए। उस पर पहले से करीब पांच मामले चाकू बाजी के चल रहे हैं और धारा 307 के अपराध में गिरफ्तार कर पुलिस कोतवाली लाई थी। जहां उसने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ी पर उसे तत्काल अस्पताल लाया गया। जहां पर उसक इलाज जारी है। फिलहाल स्थिति सामान्य बताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## मुआवजे की मांग को लेकर किसान कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन



**दमोह देशबन्धु।** दमोह जिले में वर्षा से प्रभावित हुई उड़द की फसलों का तत्काल सर्वे एवं बटियागढ़ के ग्राम घुराटा के किसान द्वारा की गई आत्महत्या में पीड़ित परिवार को सहायता राशि दिलाए जाने की मांग को लेकर किसान कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में उपस्थित प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री पं मनु मिश्रा एवं किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नितिन मिश्रा ने कहा कि जिले में पहले अल्प वर्षा हुई जिससे किसानों की सोयाबीन और धान की फसल प्रभावित हुई उसके बाद लगातार बारिश होने से उड़द की फसल को अत्यधिक नुकसान हुआ है जिले में उड़द की फसल पूर्णतया नष्ट हो गई है परंतु उसके बाद भी फसलों का ना तो सर्वे किया गया है ना ही किसी प्रकार की मुआवजा राशि किसानों को दी गई है। फसलों का सर्वे करवाने एवं नष्ट हुई फसलों का मुआवजा राशि किसानों को दिये जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपते समय के के अग्रवाल, गोपाल रैकवार, राजकुमार कुशवाहा, धर्मेंद्र अग्रवाल, खिल्लू ठाकुर, नरेश अहिरवाल, गिरीश मिश्रा, विजय मिश्रा, राजेश राय, मुकेश रोहित, समीम कुरेशी, पप्पू कुशवाहा, परसोत्तम कुशवाहा, धर्मेंद्र अहिरवार, एवं समस्त कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## हिन्दी दिवस : विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं चित्रकला प्रतियोगिता हुई



**दमोह देशबन्धु।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय की उपस्थिति में हिन्दी दिवस के अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय दमोह में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल पर चित्रकला प्रतियोगिता तथा बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। शिविर में जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, विद्यालय के प्राचार्य धर्मेन्द्र सिंह एवं समस्त स्टॉफसहित छात्र-छात्रायें उपस्थित रहीं। जिला न्यायाधीश एवं सचिव अम्बुज पाण्डेय ने हिन्दी दिवस के अवसर पर बच्चों को कविता के माध्यम से समय की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये कहा आपको कर्मठ बनकर देश के लिये कुछ अच्छा करके इतिहास रचना चाहिये, विद्यार्थी जीवन में समय को व्यर्थ न गवायें, इसके साथ ही बड़ों का आदर करने एवं किसी को परेशान न कर सबको साथ लेकर चलने तथा छात्र-छात्राओं को अनुशासन का पालन करते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने छात्रों को मैत्रीपूर्ण विधिक सहायता, पॉक्सो एक्ट, मूल कर्तव्य के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार शिक्षिका रश्मि जेता के द्वारा किया गया।

## मतदाता जागरूकता हेतु रंगोली का हुआ आयोजन

**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी स्वीप अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में विधानसभा चुनाव 2023 के तहत बाल विकास विभाग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य मतदाता जागरूकता अभियान दमोह जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र एवं विद्यालयों में मतदाता जागरूकता से संबंधित रंगोली बनवाई गई, छात्र-छात्राओं ने मतदान करने संबंधी शपथ ली। छात्राओं ने सेल्फी भी खींची तथा विभिन्न तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से नागरिकों को अनिवार्य रूप से मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। ज्ञातव्य हो कि मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सतत रूप से संपूर्ण




जिले में प्रति दिवस संपन्न किये जा रहे हैं। ताकि आगामी विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सके एवं ऐसे मतदान केंद्र जहां मतदान का प्रतिशत कम पाया जाता रहा है, वहां विशेष तरह की गतिविधियों का संचालन कर मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने का सतत प्रयास किया जा रहा है।



### प्रमोद विश्वकर्मा बने विश्वकर्मा समाज के जिला अध्यक्ष

**दमोह देशबन्धु।** विश्वकर्मा समाज की सर्व बैठक बुलाई गई थी जिसमें आगामी 16 सितम्बर को भगवान श्री विश्वकर्मा पूजन दिवस पर भव्य शोभा यात्रा एवं 17 सितम्बर को श्री हनुमान गढी मंदिर में पूजन पाठ कार्यक्रम को लेकर चर्चा हुई। इसी बैठक में सर्व सम्मति से विश्वकर्मा समाज के प्रमोद विश्वकर्मा को विश्वकर्मा समाज का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इनकी नियुक्ति तीन वर्श तक रहेगी। अत: समाज ने प्रमोद विश्वकर्मा को दिशा निर्देष दिये है कि विगत एक माह के अंदर जिलाकार्य समिति और समस्त तहसील केन्द्रों पर विश्वकर्मा समाज की कार्यकारणी गठन करनी है। बैठक में विशेष रूपसे ष्याम विष्वकर्मा, सतीष, मुकेश, बल्लू, अजय, अरूण, सौरभ, वीरेन्द्र, मुन्ना, प्रकाश, गगन, बंसत, दीपक, गब्बर, विजय आदि समाज के वरिष्ठ जन एवं युवा उपस्थित रहे।

## जिला आयुष विंग ने नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाईयों का किया वितरण



**दमोह देशबन्धु।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. राजकुमार पटैल के निर्देशन में जिला आयुष विंग में पदस्थ डॉ. प्रियंका तारण एवं स्टाफदवासाज धर्मेन्द्र सिंह, अनरत सिंह एवं वंदना दुबे द्वारा मुस्की बाबा मलैया मिल में ऑगनबाड़ी क्रमांक 27 में नि:शुल्क स्वास्थ्य परिक्षण कर दवाईयों के साथ कुपोषित बच्चों को अरविंदासव व तैल का वितरण किया गया। इस दौरान मौसमी बिमारियों से बचने एवं साफ-सफाई रखने के लिए कहा गया।

## विहिप स्थापना दिवस मनाया, शौर्य जागरण यात्रा को लेकर की बैठक



**दमोह देशबन्धु।** बटियागढ़ प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस मनाया गया साथ ही पूरे देश में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की शौर्य जागरण यात्रा निकाली जा रही है जिसमे विभाग की यात्रा जो की 20 सितंबर को बटियागढ़ पहुंच रही है उसके संदर्भ में सभी को अवगत कराया। जिला अध्यक्ष अजय खत्री ने बताया कि कृष्ण जन्माष्टमी के दिन विश्व हिंदू परिषद की स्थापना हुई थी जिसका मुख्य उद्देश्य विश्व के हिन्दुओं के हितों की रक्षा करना था जिसका मुख्य मंत्र सेवा, सुरक्षा, संस्कार के साथ चलने वाला एक मंत्र संगठन है, जिला सह संयोजक विक्रम साहू ने बताया विभाग की यात्रा जो की पथरिया से दिनांक 20/09/2023 सुबह 8 बजे प्रस्थान करेगी और सुबह 11 बजे बटियागढ़ में पहुंचेगी जिसकी सभा बाजार में पंचायत के पास ग्राउंड में होगी और नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए हटा के लिए प्रस्थान करेगी।

बैठक में विनोद तिवारी जिला सह गौ रक्षा प्रमुख विश्व हिंदू परिषद, हर्ष मिश्रा नगर संयोजन प्रखंड बटियागढ़, नगर मंत्री राधे पांडे, विक्रम सिंह, सोनू सेन, सौरभ असाटी, देवी सिंह, सुरेश गर्ग, प्रदीप सिंह, प्रमोद अठया, अजय सिंह, प्रदीप सिंह लोधी, राजकुमार रजक, विजय रैकवार, श्याम सिंह, सौरभ साहू, विशु उपाध्याय, आदित्य अठया, सूरज विश्वकर्मा, सतीश चौरसिया, शिवराज सिंह लोधी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।

### विधिक साक्षरता शिविर और निबंध प्रतियोगिता आयोजित

रायसेन, देशबन्धु। प्रधान जिला न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अनीष कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमति संगीता यादव की उपस्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा हिन्दी सप्ताह (दिनांक 14 सितम्बर से 20 सितम्बर 2023) के अंतर्गत राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर सीएम राईस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाटनदेव में विधिक साक्षरता शिविर एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को हिन्दी दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि पूरे देश में भाषा और इसके उपयोग को बढ़ावा देने के लिए हर साल 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस मनाया जाता है। 14 सितम्बर 1949 को ही संविधान सभा ने एक मत होकर देवनागरी लिपि में लिखी हिन्दी को अंग्रेजी के साथ राष्ट्र की आधिकारिक भाषा के तौर पर स्वीकार किया था। सचिव श्रीमती यादव द्वारा संविधान में वर्णित मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्यों के संबंध में भी विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी।

शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी अनीष उद्दीन अब्बासी द्वारा नालसा बाल मैत्रीपूर्ण विधिक सेवा योजना एवं नालसा आपदा पीड़ितो हेतु विधिक सेवा योजना, पॉक्सो अधिनियम एवं नालसा वेब पोर्टल, नालसा टोल फ्री नंबर की जानकारी प्रदान की गयी।

एसडीएम को सौपा ज्ञापन

# बूदाबहू मंदिर ट्रस्ट ने की आर्थिक अनियमितताओं की जांच की मांग



**दमोह देशबन्धु।** दमोह लोगों की आस्था के प्रतीक घंटा घर के समीप स्थित बूदाबहू मंदिर कमेटी के सदस्यों द्वारा की जा रही आर्थिकर्क अनिमितताओं एवं नियम विरुद्ध तरीके से किये जा रहे कार्यों की जांच की मांग की है। एसडीएम राजलल्लन बागरी को एक ज्ञापन शहर के सैकड़ो की तादाद में पहुंचे नागरिकों द्वारा सौपा गया। इस ज्ञापन में ट्रस्ट के बायलॉज के अनुसार इसमें संरक्षक एवं विशेष सदस्यों का किसी भी प्रकार का कोई प्रावधान नहीं है जबकि उनके द्वारा प्रावधान के विपरीत अपने पुराने सदस्यों को ट्रस्ट का संरक्षक बनाया गया है। अपने पद का दुरुपयोग करते हुए ट्रस्ट कमेटी में अपने परिवार जनों को ही ट्रस्ट का सदस्य बनाकर व्यक्तिगत लाभ लिया जा रहा है। मंदिर कमेटी की संपत्ति एवं दुकानों की किराएदारों से मनमाना किराया वसूलते हुए उनकी बात को स्वीकार न किए जाने पर दुकान खाली करने एवं अभद्रता पूर्ण व्यवहार उनके द्वारा किया जाता है।

वर्ष 2017 से वर्ष 2022 तक के आय व्यय एवं बैंक में की गई जमा राशि में आर्थिक अनियमितताये की गई हैं। इन सभी की विस्तृत जांच की जाए। मंदिर के अंदर एवं बाहर किए गए निर्माण कार्यों के लिए तकनीकी टीम गठित करते हुए इस टीम से किए गए निर्माण कार्यों राशि एवं भुगतान सहित अन्य बिंदुओं की भी जांच कराई जाए। इसके अलावा बूंदाबहू मंदिर की मूल मालकिन बंदा बहू के परिवार के सदस्यों के प्रस्ताव पर ट्रस्ट को भग करते हुए एसडीएम को रिसीवर नियुक्त किया जाकर नए तरीके से चुनाव कराने एवं समस्त अनिमितताओं की जांच कराई जाना चाहिए कि मांग की गई। उल्लेखनीय की इसके पूर्व बुधवार को बूदाबहू मंदिर में छठी महोत्सव के दौरान आयोजित कार्यक्रम में मंदिर की अनियमितताओ के संबंध में काफी बहसबाजी हुई थी।

इस दौरान तहसीलदार मोहित जैन की उपस्थिति में ही ट्रस्ट कमेटी के सदस्य किशोरी लाल अग्रवाल द्वारा वर्ष 2017 से वर्ष 2022 तक लगभग 2 करोड रुपए के घोटाले का खुलकर आरोप लगाते हुए जांच की मांग की थी। उनका आरोप था कि मंदिर से 6लाख रुपए भेजे जाते थे और 60 हजार जमा होते थे। जमा हुए इस प्रकार से काफी राशि ट्रस्ट के कुछ तथा कथित पदाधिकारी द्वारा आर्थिक अनीमितताये की गई है। इस दौरान 3 वर्ष पूर्व मंदिर द्वारा तोड़े गए मंदिरों के अभी तक निर्माण न किए जाने पर भी श्रद्धालुओं द्वारा काफी रोष व्यक्त करते हुए आरोप लगाए गए इस अवसर पर ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष कीरत सिह, सदस्य ओम प्रकाश असाटी के छोटे भाई सचिन असाटी, किशोरी लाल अग्रवाल गोपाल प्यासी ओमप्रकाश असाटी सहित पं चंद्र गोपाल, आशीष दत्त कटारे, मोनू पाठक. सचिन असाटी, सौरभ असाटी आदि सहित सैकड़ो की संख्या में भक्तगणों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

## लीनेस क्लब ने हिंदी दिवस पर आयोजित किया कार्यक्रम



दमोह देशबन्धु। लीनेस क्लब दमोह द्वारा हिंदी दिवस का भव्य आयोजन कोपरा नदी किनारे स्थान पर किया गया। जिसकी प्रोजेक्ट डायरेक्टर ज्योति चक्रवर्ती और भावना शिवहरे रही। हिंदी से जुड़ी प्रतियोगिता मेंबर्स के बीच रोचक रही। साथ ही हिंदी के महत्व पर वक्तव्य जारी किए गए। अध्यक्ष रोजी बग्गा ने कहा हिंदी महज एक भाषा नहीं, अपितु हमारे जीवन मूल्यों, संस्कारों तथा राष्ट्रीय एकता का बोध कराने वाली पूरी संस्कृति है। सभी लीनेस बहनों ने नदी किनारे बसे मंदिर में पूजा अर्चना किया। कोषाध्यक्ष ज्योति सचदेवा ने आप सभी को हिंदी-दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

### जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक का आयोजन

**सारनी, देशबन्धु।** ग्राम भारती महिला मंडल द्वारा जल जीवन मिशन परियोजना कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परियोजना क्रियान्वयन इकाई छिंदवाड़ा से महाप्रबंधक सतीश गुप्ता, उपमहाप्रबंधक बसंत बेलवंशी एवं परियोजना प्रबंधक जन सहभागिता सुशीला मरावी उपस्थित रहे। मिशन में गढ़ा, मेंढ़ा, वर्धा, घोघरी, अपर वेदा, समूह जल प्रदाय योजना बैतूल जिसकी परियोजना क्रियान्वयन इकाई छिंदवाड़ा म.प्र एवं क्रियान्वयन सहायक संस्था ग्राम भारती महिला मंडल बैतूल है। इस परियोजना में 3 जिले के 227 ग्राम चयनित किए गए है। जिससे इस परियोजना द्वारा इन ग्रामों को लाभांतित किया जाएगा। उक्त परियोजना कार्यक्रम में वर्तमान स्थिति तक 5 विकासखंड में सर्वे कार्य पूर्ण किया जा चुका है। समीक्षा बैठक में मुख्य चर्चा अगामी गतिविधियां कार्य जैसे शतप्रतिशत जनसभा एवं ग्रामसभा पीआरए, वीएपी, वीडब्ल्यूएससी समिति के बैंक खाते खुलवाना, ग्राम में एसएचजी समूहों की मीटिंग लेना, ग्राम में कैशबुक एवं मेंटेनेंस रजिस्टर बटवाना एवं अंशदान संग्रहण करवाना आदि पर हुई। समीक्षा बैठक में सुशीला मरावी द्वारा बताया गया की जल जीवन मिशन के तहत जल निगम द्वारा सर्फेस डेम के माध्यम से पानी फिल्टर व टेस्टिंग होकर टंकी द्वारा ग्राम के अंतिम घर तक पहुंचेगा एवं ग्राम की टंकी में बल्क वाटर मीटर लगेगा। संस्था प्रमुख अध्यक्ष भारती अग्रवाल द्वारा कार्यकर्ताओं के कार्य में जो सुधार की आवश्कता है उसे और अच्छे से करने पर विशेष चर्चा की गई।

## पेसा अधिनियम की दी जानकारी



**भैंसदेही, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड के मार्गदर्शन में पेसा अधिनियम का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत देडपानी के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, मोबिलाइज, जन सेवा मित्र नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्य, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित कक्षाओं के एमएसडब्ल्यू बीएसडब्ल्यू के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रशिक्षण की शुरूआत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक विकास कुमरे, पंचायत इंस्पेक्टर डीपी स्वर्णकार, पैसा समन्वयक दिनेश बारस्कर द्वारा की गई। विकास कुमरे द्वारा अधिकार के बारे में बताया गया। शांति एवं विवाद निवारण समिति के बारे में जानकारी प्रदान की। केशर लोखंडे ने पेसा एक्ट अधिनियम के बारे में प्रशिक्षणार्थीयों को समझाया। दीपक गायकवाड़ द्वारा पेसा एक्ट को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। उसके पश्चात प्रशिक्षणदाता शिवचरण बावने ने सामान्य ग्राम सभा एवं पेसा अधिनियम की ग्राम सभा के विषय में अंतर बताया गया। सोहन सिंह काकोडिया ने टैरो कार्ड के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण लेने वालों को प्रैक्टिकल ग्राम काबरा रैयत में ले जाकर ग्राम सभा संचालित कर दिखाया गया। पेसा एक्ट के ब्लॉक समन्वयक दिनेश ने भी पेसा एक्ट को लेकर प्रशिक्षण दिया। ग्राम काबरा रैयत में गांव का नजरी नक्शा बनाकर सभी ग्रामवासी एवं उपस्थित समिति के सदस्यों को समझाया गया।




स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

## सार-समाचार

### कांग्रेस नेत्री कंचन को बुधनी विधानसभा प्रभारी की जिम्मेदारी



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज।** आगामी विधानसभा चुनाव 2023 देखते हुए प्रदेश की समस्त विधानसभा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देशानुसार प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्षा विभा पटेल द्वारा प्रदेश की विधानसभा प्रभारियो की सूची जारी की गई। जिसमं कंचन शर्मा को बुधनी विधानसभा क्षेत्र की प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। कंचन शर्मा के बुधनी विधानसभा प्रभारी बनाये जाने पर बुधनी, नसरुल्लागंज विधानसभा क्षेत्र में खुशी की लहर है। कंचन शर्मा बुधनी विधानसभा क्षेत्र में काफी सक्रिय है। उन्होंने बुधनी विधानसभा में शिवराज सिंह चौहान के सामने चुनाव लड़ने के लिए दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता एवं पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को अपना बायोडाटा भी सौंपा है। कंचन शर्मा को विधानसभा प्रभारी बनाए जाने पर कई कार्यकर्ताओं ने बधाई दी एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, तथा महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीता डिसूजा, महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल के प्रति आभार माना है।

### नेताओं ने पोस्टरों से नजर नहीं आ रही महापुरूषों की प्रतिमाएं



**सिरोंज, देशबन्धु।** स्थानीय छत्रीनाका स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के आसपास क्षेत्र के राजनैतिक दलों के नेताओं द्वारा अपने पोस्टर लगाकर महात्मा गांधी की प्रतिमा को ढंक दिया गया है। जिससे प्रतिमा का सौन्दर्यीकरण तक नजर नहीं आ रहा है और नपा प्रशासन द्वारा मनमर्जी पूर्वक नेताओं के समर्थकों द्वारा लगाए पोस्टर हटाने को लेकर गंभीर नजर आ रहा है। जिससे नगर का सौन्द्रर्यीकरण पर प्रभाव पड़ता हुआ दिखायीं पड़ रहा है। उल्लेखनीय होकि क्षेत्र में अधिकांश नेता क्षेत्र में गांवों में तक नहीं पहुंच पा रहे है मगर कुछ पोस्टर छपवाकर आगामी विधानसभा चुनाव में अपने आप को दावेदार के रूप में गिनवाने के लिए आगे आ रहे है।

### आज रवाना होंगे 99 तीर्थ यात्री

**रायसेन, देशबन्धु।** मप्र शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 16 सितम्बर से 21 सितम्बर तक रामेश्वरम् तीर्थ यात्रा आयोजित की जा रही है। रामेश्वरम् तीर्थ यात्रा के लिए रायसेन जिले से चयनित 99 तीर्थ यात्री रामेश्वरम् तीर्थ यात्रा के लिए दोपहर 1 बजे रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन भोपाल से प्रस्थान करेंगे।

### पुलिस चेकिंग, नियम तोड़ने वालों से वसूल किया जुर्माना

**मुरैना/जौरा, देशबन्धु।** यातायात नियमों को तोड़ने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध स्थानीय पुलिस ने चेकिंग करते हुए लापरवाह वाहन चालकों से 4800 रुपए का जुर्माना वसूल किया है। प्रभारी एसडीओपी रवि सोनेर के निर्देशन में नगर निरीक्षक आलोक सिंह परिहार एवं उपनिरीक्षक सुरेश मिश्रा, यशपाल सिंह, गुलाब सिंह बाथम, भूपेंद्र सिंह, रामेंद्र सिंह आदि पुलिसकर्मियों की टीम ने चंबल कॉलोनी के पास चेकिंग पॉइंट लगाकर वाहनों की चेकिंग की। इस चेकिंग में अवैध रूप से वाहनों में परिवहन कर ले जाने वाली अवैध शराब, चोरी के वाहनों की प्रमुख रूप से तलाशी कर चेकिंग की गई। इसी दौरान यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले दर्जन भर वाहन चालकों से 4800 की राशि जमाने के रूप में भी वसूली गई। चेकिंग के दौरान एसडीओपी एवं नगर निरीक्षक ने सभी को यातायात के पालन करने की समझाईश देते हुए विशेष कर दो पहिया वाहन चालकों से कहा कि हेलमेट लगाकर चलें, लाइसेंस, बीमा सभी कागजात साथ में रखें।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**विकास की नई ऊंचाईयां छू....** गांव-गांव के बच्चे की जुबान पर जी-20 का नाम है। जी-20 की सफलता का श्रेय मोदी को नहीं बल्कि देश की 140 करोड़ जनता को जाता है। जी-20 की बैठकों का सफल आयोजन भोपाल, इंदौर और खजुराहो में भी किया गया। जी-20 के सफल आयोजन में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और इसके लिये मैं शिवराज की टीम-मध्यप्रदेश की प्रशंसा करता हूँ। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज बीना में पेट्रो-केमिकल इकाई का शिलान्यास इस क्षेत्र में भारत को आत्म-निर्भर बनाने में सहायक होगा। अभी भारत को डीजल, पेट्रोल और अन्य पेट्रो-केमिकल सामग्री के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना होता है। इन परियोजनाओं से पूरे क्षेत्र को विकास की नई ऊँचाई मिलेगी, नए उद्योग आएंगे और किसान, छोटे उद्यमी और बड़ी संख्या में नौजवानों को रोजगार मिलेगा।

श्री मोदी ने कहा कि जनता की सेवा, मोदी की गारंटी है और उसे निरंतर पूरा किया जा रहा है। हमने सबको पक्के घर, घर-घर शौचालय, सबको भोजन, नि:शुल्क इलाज, सबके बैंक खाते, हर बहन को गैस कनेक्शन की गारंटी दी और उसे पूरा किया। देश में 40 लाख परिवारों को पक्के घर दिए गए हैं। उज्ज्वला योजना में बहनों को गैस कनेक्शन देकर धुएं से मुक्ति दिलाई गई है। रक्षाबंधन पर गैस सिलेंडर की कीमत 2 सौ रुपए कम की गई है। अब केन्द्र सरकार ने निर्णय लिया है कि 75 लाख और बहनों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए जाएंगे।

# इंजीनियर दिवस पर विशेष: मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया देश के प्रथम अभियंता



**सागर, देशबन्धु।** सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया जो सर एमवी के नाम से विख्यात थे का जन्म 15 सितम्बर 1861 में मैसूर रियासत में हुआ था, जो बाद में कर्नाटक राज्य बना। इनके पिता श्रीनिवास शास्त्री संस्कृत के विद्वान होने के साथ साथ एक वैद्य भी थे और इनकी माता वेंकचाम्मा एक धार्मिक महिला थी। सर एमवी को पढ़ाई का बचपन से ही बहुत शौक था पर जब उनके पिता का देहांत हुआ उस समय सर एमवी की उम्र केवल 14 वर्ष की थी। उन्होंने अपनी प्राईमरी स्कूली शिक्षा चिकबल्लापुर से पूरी की, परन्तु पिता के देहांत के बाद सर एमवी के सामने अपनी पढ़ाई को आगे जारी रखने के संकट सामने आ खडा हुआ। तब अपनी आगे की पढाई जारी रखने के लिए वे अपने मामा के घर बैंगलोर चले गए। उनके मामा की आर्थिक स्थिति भी अच्छी नहीं थी, अपने मामा पर वे बोझ न बने इसके लिए उन्होंने बच्चों को ट्यूशन पढ़ाना शुरू कर दिया और उसी ट्यूशन के पैसों से उन्होंने वे अपनी आगे की पढ़ाई का सारा खर्च भी स्वयं उठाया करते थे। 1881 में विश्वेश्वरैया जी ने मद्रास यूनिवर्सिटी के सेंट्रल कॉलेज, बैंगलोर से बीए की परीक्षा पास की। इसके बाद मैसूर सरकार से उन्हें सहायता मिली और उन्होंने पूना के साइंस कॉलेज में इंजीनियरिंग में दाखिला लिया। इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी करने के बाद सर एमवी को बॉम्बे सरकार की तरफ से जॉब का ऑफर आया, और उन्हें नासिक में असिस्टेंट इंजिनियर के तौर पर काम मिला। एक इंजीनियर के रूप में उन्होंने बहुत से अद्भुत काम किये। उन्होंने सिन्धु नदी से पानी की आपूर्ती सुक्कुर गांव तक करायी साथ ही एक नई सिंचाई प्रणाली ब्लाक सिस्टम को उन्होंने शुरू किया। भारत में पहले बड़े बड़े बांध नहीं बनाये जाते थे क्योंकि उस समय सीमेंट बनाना देश में शुरू ही हुआ था जिससे सीमेंट काफी ज्यादा मंहगी हुआ करती थी। इसीलिए उन्होंने बांध में स्टील के गेट लगवाएं, ताकि बांध के पानी के तेज प्रवाह को आसानी से रोका जा सके। उन्होंने मैसूर में कृष्णराज सागर बांध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे बहुत से और कार्य सर एमवी ने किये, जोकि अविश्वसनीय थे। 1903 में पुणे के खड़कवासला जलाशय में बांध बनवाया। इसके दरवाजे ऐसे थे जो बाढ़ के दबाब को भी झेल सकते थे, और इससे बांध को भी कोई नुकसान नहीं पहुंचता था। इस बांध की सफलता के बाद ग्वालियर में तिगरा बांध एवं कर्नाटक के मैसूर में कृष्णाराजा सागर बांध का निर्माण किया गया। कावेरी नदी पर बना कृष्णाराजा सागर बांध को सर एमवी ने अपनी निगरानी में हीं बनवाया था, इसके बाद इस बांध का उद्घाटन हुआ। जब इस बांध का निर्माण हो रहा था, तब एशिया में यह सबसे बड़ा जलाशय था।

हैदराबाद सिटी को बनाने का पूरा श्रेय सर एमवी जी को ही जाता है। उन्होंने वहां एक बाढ़ सुरक्षा प्रणाली तैयार की, जिसके बाद समस्त भारत में उनका नाम हो गया। बताया जाता है कि सर एमवी ने समुद्र के कटाव से विशाखापत्तनम बंदरगाह की सुरक्षा के लिए एक विशेष प्रणाली विकसित करने में अहम भूमिका निभाई थी। 1908 में सर एमवी कुछ समय के लिए विदेश यात्रा पर गए, वहां भी उन्होंने देश के औद्योगिक विकास पर गहन चिंतन किया। अपनी विदेश यात्रा से लौटने के बाद वे कुछ समय के लिए उन्होंने हैदराबाद के निजाम के रूप में भी कार्य किया। उस समय हैदराबाद की मूसी नदी से बाढ़ का अत्याधिक खतरा था, तब सर एमवी ने इससे बचाव के लिए उपाय सुझाये। नवम्बर 1909 में सर एमवी को मैसूर राज्य का मुख्य इंजिनियर बना दिया गया। इसके बाद 1912 में सर एमवी को मैसूर रियासत का दीवान बनाया गया, वे इस पद पर सात वर्षों तक रहे। 1918 सर एमवी ने इस पद से इस्तीफा दे दिया और उन्होंने मैसूर के राजा कृष्णराजा वोदेयार की सहायता से मैसूर राज्य के विकास में अनेकों कार्य किये।

1917 में बैंग्लोर में सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना की, यह देश का पहला सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज था। बाद में इस कॉलेज का नाम बदल कर यूनिवर्सिटी विश्वेश्वरैया कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग रखा गया। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद 1955 में मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया को भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। लंदन इंस्टीट्यूशन सिविल इंजीनियर्स की ओर से भी सर एमवी को सम्मानित किया गया था एवं इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस की ओर से भी उन्हें सम्मानित किया गया। सर एमवी के 100 साल के होने पर भारत सरकार ने उनके सम्मान में स्टाम्प जारी किये।

**-आरंभ शुक्ला**

## कुशवाहा समाज के इष्ट लवकुश की निकली सजीव चलित चित्रण झांकी, अखाड़ा ने दिखाया दमखम



**शाहगढ़, देशबन्धु।** कुशवाह समाज द्वारा गुरुवार को भगवान लवकुश की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। समाजजनों द्वारा ट्रैक्टर ट्राली में लव कुश की झांकी सजाई और पूजा अर्चना कर बैंडबाजों के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। ग्वाल बाबा मंदिर से यात्रा प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्ग से होते हुए देव स्थान खांजा बाबा मंदिर पहुंची। वहीं चल समारोह में सजी झांकी आकर्षक का केन्द्र रही। झांकी में दो बालक लवकुश बने बैठे थे। चल समारोह के समापन के बाद भगवान लव कुश की महाआरती की गई तथा प्रसादी वितरण हुआ। कुशवाह समाज सहित अन्य वक्ताओं ने श्रीराम के चरित्र का वर्णन किया। वही युवा डीजे पर बज रहे भगवान के भजनों पर थिरकते हुए चल रहे थें। इस दौरान समाज के युवाओं और अखाड़ों के पहलवानों द्वारा चल समारोह में हैरत अंगेज करतब दिखाए। शहर सहित अंचलों से शोभायात्रा में शामिल हुए सैकड़ों युवा डीजे पर चल रहे भजनों की धुन पर थिरकते हुए नजर आए। शोभयात्रा के प्रथम चरण में समाज अपने हाथों में केसरिया ध्वज लेकर चल रहे थे।

दूसरे क्रम में लवकुश सेना, जन जागृति समिति अखाड़े का प्रदर्शन करते हुए चल रही थी। इस दौरान हैरतंगेज करतब दिखाए और लोगों ने तालियां भी बजाई। वहीं लवकुश की झांकी सबके मनोरजंन का केंद्र बनी। शोभायात्रा का नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षाकर भव्य स्वागत किया। नगर के मुख्य मार्ग पर बंडा विधायक ने अपने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत कर फल वितरित किए। इसके अलावा जगह-जगह विभिन्न हिस्सों में सभी संगठन समुदाय द्वारा स्टॉल लगाए गए, शोभायात्रा में बड़ी संख्या बच्चे, महिलाएं, पुरुषों के आलावा जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एमए की सीट बढ़ाने छात्र छात्राओं ने ज्ञापन सौंपा



**राहतगढ़, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय में आगामी अध्ययन के लिए एमए की सीट्स बढ़ाये जाने की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य एवं जनभागीदारी अध्यक्ष को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया कि हम सभी शासकीय महाविद्यालय के ही विद्यार्थी रहे हैं एवं आगे एमए में प्रवेश लेना चाहते हैं। लेकिन किसी कारणवश प्रवेश के प्रारंभिक चरणों में प्रवेश नहीं ले पाए और आज दिनांक तक एमए की सभी सीट भर चुकी हैं। संस्था के लगभग ऐसे 60 से अधिक है विद्यार्थी हैं जिन्होंने रजिस्ट्रेशन कर लिया है। परंतु उन्हें महाविद्यालय में सीट आवंटित नहीं हुई है। ज्ञापन के माध्यम से महाविद्यालय में एमए की सीट बढ़ाने के लिए उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है। जिससे छात्र-छात्राएं एमए में प्रवेश ले सकें एवं उनका भविष्य खराब ना हो। मांग करने वालों में अतुल सेन, सूरज सिलावट, सुमंगल कुर्मी, संगम कुर्मी, रहनुमा कुर्मी, अप्राची चौरसिया, वर्षा विश्वकर्मा, वंदना विश्वकर्मा सहित छात्र-छात्राएं शामिल हैं।

## घी एवं खाद्य तेल एजेंसियों का किया निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने शहर में होलसेल घी एवं खाद्य तेल एजेंसियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण कार्यवाही में बकौली चौक स्थित आदिनाथ एजेंसी से वारिया ब्रांड शुद्ध घी एवं प्यालेलाल एंड संस से वास्तु ब्रांड शुद्ध घी एवं पतंजलि ब्रांड सरसों तेल के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन शुद्ध घी एवं खाद्य तेल के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। फॉस्कोरिस एप्प की सहायता से खाद्य प्रतिष्ठान का ऑनलाइन निरीक्षण किया गया।

## लापता वीरन अहिरवार को जीआरपी ने खोज निकाला

**सागर, देशबन्धु।** मालथौन ब्लाक के ग्राम इमलिया किशोर निवासी गुमशुदा 13 वर्षीय बालक वीरन अहिरवार को भोपाल जीआरपी थाना पुलिस ने ढूंढ़ कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। 9 सितंबर को भोपाल में लापता हुए इस किशोर के परिजनों ने मंत्री भूपेंद्र सिंह से खोजबीन के लिए सहायता मांगी थी जिस पर मंत्री भूपेंद्र सिंह के कार्यालय ने सक्रियता से इस मामले में कार्रवाई कराई जिसके 5 दिन में ही सुखद परिणाम निकले। लापता हुए वीरन अहिरवार के चाचा वकील अहिरवार ने बताया कि आज मंत्री कार्यालय व जीआरपी पुलिस दोनों से फोन पर वीरन अहिरवार के मिल जाने की सूचना मिल गई। सूचना पर जीआरपी थाने पहुंचे और बालक को दस्तावेजी कार्यवाही उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया है। बालक के चाचा वकील अहिरवार ने तत्परता से कार्रवाई कराने के लिए मंत्री भूपेंद्र सिंह को धन्यवाद ज्ञापित किया।



## प्रदेश महासचिव तोमर ने किया पटवारियों की मांगो का समर्थन

**सागर, देशबन्धु।** पटवारियों की हड़ताल के बीच प्रदेश महासचिव व पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र तोमर धरना स्थल पहुंचे। उन्होंने पटवारियों की सभी मांगो का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि पटवारियों को उनका हक मिलना ही चाहिए में इन मांगो को लेकर प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से इस विषय पर चर्चा करूंगा प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर पटवारियों को उनका हक दिलवाएंगे।

## क्षमावाणी पर्व 8 अक्टूबर को मनाया जायगा



**मकरोनिया, देशबन्धु।** तपोवन तीर्थ क्षेत्र सिदगुवा सागर की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें निर्णय लिया गया कि मुनि श्री सुदत्तसागर एवं छुल्लक चंद्रदत्त सागर के सानिध्य में दस लक्षण महापर्व उपरांत क्षमा याचना क्षमावाणी पर्व सकल जैन समाज मकरोनिया का तपोवन तीर्थ क्षेत्र में मनाया जावेगा। 8 अक्टूबर को सुबह से श्रीजी का अभिषेक शांतिधारा पूजा एवं विधान का आयोजन किया जावेगा एवं मुनिश्री के प्रवचन होगे इसके पश्चात क्षमावाणी के पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वात्सल भोज का आयोजन किया गया है। बैठक पूर्व तपोवन तीर्थ के दर्शन उपरांत तीर्थ पर विराज होने वाली भगवान की मूर्तियो का अवलोकन कर उनके दर्शन भी किए गए। इस बैठक में सकल दिगंबर जैन समाज के सदस्य सभी मंदिरों के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्यों के साथ-साथ सभी संस्थाओं के सदस्य मौजूद थे जिसमें प्रमुख रूप से प्रो. अमरचंद जैन उपाध्यक्ष ट्रस्ट कमेटी, मनोज जैन लालो कोषाध्यक्ष ट्रस्ट कमेटी, अशोक जैन अध्यक्ष प्रबंधकारणी, अशोक जैन, महामंत्री संपत जैन आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे कार्यक्रम के अंत में सुरेश जैन संयुक्त मंत्री तपोवन तीर्थ क्षेत्र के द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## कविता प्रतियोगिता का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** इनरव्हील क्लब आफ सेन्ट्रल ने श्री ज्ञानमंदिर में कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया। बच्चों को चिप्स चाकलेट और बिस्कुट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्षा ममता भूषण वर्मा, प्रीती चौधरी, छाया अग्रवाल, हिना गुप्ता और सरला कडंया आदि सहित शाला परिवार से प्रिंसिपल सुरेंद्र दुबे रहे एवं शाला की शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

## क्षत्रिय नव चेतना मंच करेगा विद्यार्थियों का सम्मान

**सागर, देशबन्धु।** गुरूवार को क्षत्रिय नव चेतना मंच की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता वीनू राणा पूर्व जिला अध्यक्ष क्षत्रिय समाज सागर व संरक्षक क्षत्रिय नव चेतना मंच जिला सागर ने की जिसमे सर्व सहमति से निर्णय लिया गया कि कक्षा 5, 8, 9, 10, 11 और 12वी में अध्ययनरत विद्यार्थियों, जो 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले स्वजातीय विद्यार्थियों का सम्मान कार्यक्रम करने के संबंध में चर्चा हुई। इसमें तय हुआ कि सम्मान कार्यक्रम 2 अक्टूबर गांधी जयंती को दोपहर 12 बजे होगा और उन्हे क्षत्रिय नव चेतना मंच की तरफ से प्रमाण पत्र भी दिये जायेंगे। प्रत्येक कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय वरीयता में आए छात्र-छात्राओं को उनके माता-पिता के साथ सम्मानित किया जायेगा। बैठक में क्षत्रिय नव चेतना मंच सागर अध्यक्ष गजेन्द्र सिंह बन्नाद, महिला अध्यक्ष विनीता राजपूत, रामबावू राजपूत, चतुर्भज सिंह ठाकुर, ब्रजेन्द्र सिंह हिलगन, प्रताप चौहान, रामबहादुर शाही, अनीता चंदेल, लीला परिहार, देवी ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## पुल पार कर रहे दो बाइक सवार पानी में बहे एक की मौत दूसरे को ग्रामीणों ने बचाया

**देवरीकलां, देशबन्धु।** क्षेत्र में हुई तेज बारिश के बाद नहीं नाले सब उफान पर हैं। नौरादेही अभ्यारण से बहने वाली बड़ी नदी के टूटेला पुल पार करते समय पुल पर पानी का तेज बहाव होने के कारण बाइक पर सवार दो लोग बह गए। जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं ग्रामीणों ने दूसरे व्यक्ति को सुरक्षित बचा लिया एसागर से एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर मृतक का शव पुल से करीब 500 मीटर आगे ढूंढ निकाला। जानकारी के अनुसार देवरी थाना अंतर्गत नौरादेही अभ्यारण के बीचों बीच बहने वाली बडी नदी के टुटेला पुल से शाम के समय दो व्यक्ति पुल पार करते समय बाइक से गिर गए जिसमे ग्रामीणों की मदद से बाइक चालक दामोदर आदिवासी को सुरक्षित बचा लिया गया। वही पानी के तेज बहाव में राम प्रसाद आदिवासी पिता मानसिंह आदिवासी उम्र 55 वर्ष निवासी जोगीपुरा राम खेडी वह गया। जिसकी सूचना कंट्रोल रूम को शाम 7 बजे दी गई। इसके बाद एसडीआरएफसागर की टीम घटनास्थल पर पहुंचकर रेस्क्यू शुरू किया लेकिन रात अधिक होने के कारण रेस्क्यू बंद किया गया और पुन: सुबह 7 से रेस्क्यू चालू किया गया और मृतक का शव पुल से करीब 500 मीटर नीचे झाड़ियों में मिला। जिस पर देवरी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौप दिया। एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम में जवान करन सिंह, मुकुल यादव, सोमेंद्र कुशवाहा, रामनरेश सेन, प्रयास तिवारी, जितेंद्र कुशवाहा, राजेश मिश्रा, रामकुमार पटेल, बलराम पटेल, मजबूत सिंह बुंदेला रेस्क्यू में शामिल रहे।

## नदी में नहाने गए बालक की डूबने से मौत

**देवरीकलां, देशबन्धु।** देवरी थाना अंतर्गत बीना नदी के ईश्वरपुर घाट पर अपने तीन दोस्तों के साथ नहाने गए 14 वर्षीय हरिओम पिता बाबूलाल चढ़ार निवासी बीना गुरुवार की दोपहर बीना नदी के ईश्वरपुर घाट पर नहाने गया था। नहाते समय वह नदी में कूद गया और नदी में बनने वाली भंवर में वह फंस गया और कुछ देर तक वह पानी में डूबा रहा तो उसके तीनों साथियों ने घर आकर परिजनों को जानकारी दी जिस पर परिजनों और ग्रामीणों ने जाकर देखा तो बालक का शव नदी में मिला। मृत बालक के चचेरे भाई गजेंद्र चढ़ार ने बताया की हरिओम अपने दोस्तों के साथ नदी नहाने गया हुआ था इस दौरान नहाते समय नदी में बनने वाली भंवर में फंस गया और करीब आधे घंटे तक वह नदी के पानी में डूबा रहा जिससे उसकी मौत हो गई और उसके साथ नहाने गए दोस्तों ने घर आकर बताया तब जाकर गांव वालों और परिजनों ने बालक को ढूंढा तो बालक का शव नदी में मिला। जिस पर देवरी पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकरए शव पोस्टमार्टम के लिए देवरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखवा दिया है। जहां शुक्रवार सुबह को उसका पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।